संपूर्ण भारत के लिए एक प्रकाशन

RNI REG. No.-CHHHIN/2004/15050
Po.Reg.No.-13/Surguja DN/2023-2025

दैनिक घटती घटना

Www.ghatatighatana.com
Ghatatighatana11@gmail.com

अम्बिकापुर,वर्ष 21, अंक - 224 सोमवार 16 जून 2025 , पृष्ठ - 8 मूल्य 2 रूपये

थ्रस्ट नॉट अचिव,मेडे,मेडे,मेडे

अहमदाबाद में हुए भीषण विमान हादसे में मृतकों की संख्या 275 हो गई

अहमदाबाद,15 जून 2025 (ए)। थ्रस्ट नहीं मिल रहा..मेडे,मेडे.मेडे..पायलट के इन आखिरी शब्दों के साथ ही अहमदाबाद से लंदन के लिए उड़ाने भरते ही एयर इंडिया का विमान मेडिकल कॉलेज के हॉस्टल पर जा गिरा और आग के गोलों में तब्दील हो गया। 12 जून को हुआ इस हादसे में विमान में सवार कुल 241 लोगों की मौत हो गई जबकि एक शख्स जिंदा बच निकला। विमान का ब्लैक बॉक्स मिल चुका है। वहीं इस हादसे की जांच जारी है। इस बीच पायलट और एटीसी के बीच हुए संवाद पर काफी चर्चा हो रही है। पायलट ने आखिरी वक्त पर मेडे,मेडे,मेडे,मेडे. की कॉल दी थी और कहा था कि थ्रस्ट अचीव नहीं हो रहा है...विमान नीचे आ रहा है... मेडे,मेडे. ! मेडे,मेडे. । यानि उन्होंने प्लेन को बचाने की पूरी कोशिश की। शायद उन्होंने ज्यादा थ्रस्ट देकर कोशिश की कि विमान रेजिडेंशियल इलाके से थोड़ा आगे निकल जाए ताकि नुकसान कम हो। इसके बाद पायलट का एटीसी से संपर्क टूट गया और विमान मेडिकल कॉलेज की इमारत से टकराने के साथ ही आग की लपटों से घिर गया। मेडे,मेडे.कॉल की काफी चर्चा हो चुकी है कि काफी गंभीर इमरजेंसी की स्थिति में जब पायलट के पास कोई विकल्प मौजूद नहीं रहता है तब वह मेडे,मेडे.की कॉल देता है। वहीं पायलट ने यह भी कहा था थ्रस्ट नॉट अचिव..।

पायलट ने आखिरी वक्त पर मेडे,मेडे.! मेडे,मेडे. की कॉल दी थी

थ्रस्ट क्या है?

थ्रस्ट विमान को उड़ाने में एक अहम फोर्स है जो विमान को आगे की ओर धकेलता है और वह हवा में उड़ते हुए अपनी दिशा को बरकरार रख पाता है। सरल शब्दों में कहें तो थ्रस्ट ही विमान को गति और उड़ान प्रदान करता है। थ्रस्ट एक प्रणोदक बल है जो विमान के इंजन (जैसे जेट इंजन या प्रोपेलर) द्वारा पैदा होता है। यह फोर्स ही हवा के प्रतिरोध को दूर कर विमान को आगे बढ़ने में मदद करता है।

थ्रस्ट अचीव करने का मतलब?

थ्रस्ट अचीव करने का मतलब है कि विमान के इंजनों ने उड़ान भरने या जरूरी गति प्राप्त करने के लिए पर्याप्त थ्रस्ट उत्पन्न कर लिया है। यह शब्द विशेष रूप से टेक-ऑफ (उड़ान भरने) के दौरान महत्वपूर्ण होता है। विमान को टेक-ऑफ करने के लिए एक निश्चित गति (टेक-ऑफ स्पीड) प्राप्त करनी होती है ताकि वह ऊपर की ओर उठ सके। इस गति को प्राप्त करने के लिए इंजनों को पर्याप्त थ्रस्ट उत्पन्न करना होता है।

थ्रस्ट नॉट अचीव्ड का मतलब?

यह एक गंभीर स्थिति होती है जब इंजन टेक-ऑफ के लिए जरूरी थ्रस्ट पैदा नहीं कर पाते। इसका मतलब है कि विमान पर्याप्त गति नहीं पकड़ पाएगा और सुरक्षित उड़ान नहीं भर पाएगा। एयर इंडिया के बोईंग विमान हादसे में यही स्थिति पैदा हुई। उड़ान भरने के बाद तुरंत पायलट ने देखा कि थ्रस्ट नहीं मिल पा रहा है। विमान ऊपर उठने के लिए पर्याप्त गति हासिल नहीं कर पा रहा है। पायलट ने इसीलिए एटीसी से कहा मेडे,मेडे, मेडे ..थ्रस्ट नॉट अचीव्ड। पावर कम हो रही है, प्लेन उठ नहीं रहा। आखिरकार विमान हादसे का शिकार हो गया।

पूर्व मुख्यमंत्री विजय रूपाणी का डीएनए मैच

राजकोट में किया जाएगा अंतिम संस्कार

अहमदाबाद में हुए भीषण विमान हादसे में मृतकों की संख्या 275 हो गई है। हादसे में गुजरात के पूर्व मुख्यमंत्री विजय रूपाणी की मौत की पुष्टि डीएनए मिलान के बाद हुई। उनका शव परिवार को सौंपा जाएगा, और अंतिम संस्कार राजकोट में होगा। रविवार सुबह तक 248 शवों के डीएनए नमूने लिए गए, जिनमें 31 की शिनाख्त हो चुकी है। इनमें से 20 शव परिजनों को सौंपे गए, और उनके मृत्यु प्रमाणपत्र जारी किए गए। शवों को गृहनगर पहुंचाने के लिए 192 एम्बुलेंस और वाहन तैनात हैं। 230 टीमें मृतकों के परिजनों के संपर्क में हैं। विदेशी नागरिकों में से 11 के परिजन आज अहमदाबाद पहुंच सकते हैं। शवों के लिए 170 ताबूतों का ऑर्डर दिया गया, जिनमें 100 वडोदरा से लाए गए। बाकी ताबूत तैयार किए जा रहे हैं। बी जे मेडिकल कॉलेज के सर्जरी प्रोफेसर डॉ. रजनीश पटेल ने बताया कि डीएनए मिलान की प्रक्रिया जारी है। शिनाख्त हुए शव उदयपुर, वडोदरा, खेड़ा, मेहसाणा, अहमदाबाद और बोटाद से हैं। अधिकांश शव बुरी तरह जल चुके हैं, जिससे पहचान में दिक्कत हो रही है। बता दें अहमदाबाद से लंदन जाने वाले विमान में 242 लोग सवार थे, जिनमें 241 की मौत हुई। इस त्रासदी ने पूरे देश को झकझोर दिया है।

अहमदाबाद प्लेन क्रैश में पायलट के आखिरी शब्द

केदारनाथ हेलीकॉप्टर क्रैश में बुरी तरह जले लोग,पहचान के लिए कराया जाएगा डीएनए टेस्ट

उत्तराखंड में लगातार हेलीकॉप्टर हादसे हो रहे हैं। इस साल अभी तक 5 हेलीकॉप्टर हादसे हो चुके हैं। जिसमें 13 लोग जान गंवा चुके हैं। आज सुबह भी केदारनाथ से लौट रहा हेलीकॉप्टर हादसे का शिकार हो गया। इस हेली हादसे में पायलट समेत 7 लोगों की मौत हो गई। हादसा इतना भयानक था कि शव बुरी तरह से जल गए। ऐसे में अब शवों की पहचान के लिए डीएनए टेस्ट का सहारा लिया जाएगा।

चारधाम में हेलीकॉप्टर सेवा पर अगले आदेश तक रोक

केदारनाथ यात्रा मार्ग पर एक और हेलीकॉप्टर हादसे के बाद यात्रियों के साथ साथ सरकार की चिंता भी बढ़ गई है। आज सुबह आर्यन कंपनी का हेलीकॉप्टर क्रैश हो गया। इस बड़े हादसे के तुरंत बाद चार धाम में हेलीकॉप्टर सेवा पर रोक लगा दी गई।

एयर इंडिया एक्सप्रेस फ्लाइट में टेकऑफ से पहले तकनीकी खराबी

एयर इंडिया की एक और फ्लाइट में टेकऑफ से ठीक पहले आई तकनीकी खराबी ने यात्रियों की सांसें रोक दीं। कोलकाता जा रही फ्लाइट आईएक्स-1511 जैसे ही हिंडन एयरपोर्ट के रनवे पर उड़ान भरने की तैयारी में थी,अचानक पायलट ने गड़बड़ी महसूस की और विमान को रोक दिया गया। लंदन जाने के लिए टेकऑफ दौरान क्रैश हुए एयर इंडिया विमान के बाद लोगों में हवाई यात्रा को लेकर डर का माहौल है।

महत्वपूर्ण खबर

मिट्टी का टीला ढहने से हुआ भयावह हादसा

» सात मकान ध्वस्त,तीन की मौत

» कई लोग मलबे में दबे

मथुरा,15 जून 2025(ए)। उत्तर प्रदेश के मथुरा जिले के गोविंद नगर क्षेत्र में रविवार दोपहर एक भीषण हादसे ने पूरे शहर को झकझोर दिया। शाहगंज फाटक के पास कच्ची सड़क के किनारे स्थित एक मिट्टी का टीला अचानक धंस गया, जिसके कारण उस पर बने सात मकान भरभराकर ढह गए। इस हादसे में दो मासूम सगी बहनों समेत तीन लोगों की मौत हो गई, जबकि कई अन्य लोगों के मलबे में दबे होने की आशंका जताई जा रही है।

बीएसएफ जवान ने साथी पर ही बरसाईं गोलियां

एक के बाद एक किए 13 राउंड फायर,मौके पर मौत

कोलकाता,15 जून 2025(ए)। पश्चिम बंगाल के संवेदनशील मुर्शिदाबाद इलाके में ड्यूटी पर तैनात एक बीएसएफ जवान को उसके सहकर्मी ने ही गोली मार दी। दोनों जवानों के बीच किसी बात को लेकर विवाद हो गया था। विवाद इतना बढ़ गया है कि जवान ने अपने साथी पर ही गोलियां बरसा दीं। घटना में बीएसएफ जवान की मौत हो गई। घटना की जानकारी पर बीएसएफ के अन्य अधिकारी और पुलिस भी मौके पर पहुंची।

मणिपुर में 328 हथियार और गोला-बारूद बरामद

मणिपुर,15 जून 2025(ए)। मणिपुर में सुरक्षा बलों के संयुक्त तलाशी अभियान में 328 हथियार और गोलाबारूद बरामद। इनमें सेल्फ लोडिंग राइफल्स (एसएलआर) और इंसास जैसी राइफलें शामिल हैं।मणिपुर पुलिस के एडीजीपी लारी दोरजी लाटू ने बताया कि पुलिस, केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बल (सीएपीएफ), सेना और असम राइफल्स की संयुक्त टीम ने 13-14 जून की रात को पांच जिलों में छापेमारी की। 151 एसएलआर राइफलें, 65 इंसास राइफलें, छह एके सीरीज राइफलें, दो अमोघा राइफलें, एक एआर-15 राइफल, पांच कार्बाइन बंदूकें, दो एमपी5 बंदूकें, 12 लाइट मशीन गन (एलएमजी), छह पिस्तौल और अन्य युद्ध सामग्री बरामद की गई।इसके अलावा, 591 मैगजीन और हजारों राउंड गोला-बारूद बरामद किया गया। इसमें 3534 एसएलआर राउंड, 2186 इंसास राउंड, 234 एके राउंड, 407 अमोघा राउंड, 2252 .303 राउंड और 20 9 एमएम राउंड शामिल हैं। अभियान में दस ग्रेनेड, तीन घातक हथियार, सात डेटोनेटर और तीन पैरा शेल बरामद किए गए

आसमान पर तैनात होगा भारत का स्पेस आर्मर

» दुश्मन की जासूसी पर सैटेलाइट से नजर

» निजी अंतरिक्ष कंपनी को मिली जिम्मेदारी

नई दिल्ली,15 जून 2025(ए)। भारत अपनी राष्ट्रीय सुरक्षा को और मजबूत करने के लिए अब अंतरिक्ष के जरिये दुश्मनों पर नजर रखने की तैयारी में जुट गया है। रक्षा मंत्रालय एक नई उपग्रह निगरानी प्रोजेक्ट शुरू करने जा रहा है, जिसका मकसद विदेशी जासूसी गतिविधियों और संभावित खतरों का समय रहते पता लगाना होगा। इस परियोजना पर हर साल करीब 150 करोड़ रुपये खर्च होने का अनुमान है और इसे वर्ष 2026 के अंत तक पूरी तरह चालू किया जाएगा। बेंगलुरु स्थित अंतरिक्ष स्टार्टअप दिगंतारा को इस महत्वाकांक्षी प्रोजेक्ट का कांटेक्ट मिला है। यह अब तक भारत में किसी निजी अंतरिक्ष कंपनी को दिया गया सबसे बड़ा सरकारी रक्षा ठेका माना जा रहा है। इस उपग्रह नेटवर्क का उद्देश्य भारत की ओर होने वाली विदेशी निगरानी और जासूसी को पकड़ना और उसका तुरंत जवाब देना है। यह प्रणाली इसरो की मौजूदा 'नेत्र' प्रणाली से अलग है, जो केवल अंतरिक्ष मलबे और उपग्रहों की स्थिति पर नजर रखती है।

यह नई प्रणाली खासतौर पर रक्षा निगरानी के लिए डिजाइन की जा रही है। इन उपग्रहों को इस तरह विकसित किया जाएगा कि वे एक-दूसरे से संपर्क कर सकें और पूरे देश में मौजूद विभिन्न ग्राउंड स्टेशनों को रियल टाइम डेटा भेज सकें।

नासा की राह पर इसरो

रक्षा विशेषज्ञों का मानना है कि यह पहल भारत की अंतरिक्ष आधारित रक्षा क्षमताओं को एक नया आयाम देगी। पूर्व इसरो प्रमुख एस. सोमनाथ ने कहा कि जैसे अमेरिका ने निजी स्पेस कंपनियों को आगे बढ़ाने के लिए सरकारी समर्थन दिया, वैसे ही भारत भी अब उसी दिशा में कदम बढ़ा रहा है।

ओएनजीसी के कुएं में तीन दिन बाद भी गैस रिसाव जारी

शिवसागर,15 जून 2025(ए)। असम के शिवसागर जिले में ऑयल एंड नैचुरल गैस कॉरपोरेशन (ओएनजीसी) के एक कुएं में गैस का रिसाव चौथे दिन भी जारी रहा। अधिकारियों ने बताया कि 70 परिवारों को राहत शिविर में पहुंचाया गया है। उन्होंने बताया कि ओएनजीसी के निदेशक (प्रौद्योगिकी एवं फील्ड सेवाएं) विक्रम सक्सेना के नेतृत्व में एक टीम ने शनिवार को कुआं संख्या आरडीएस 147 का परिचालन नियंत्रण अपने हाथ में ले लिया, जहां रिसाव शुरू हुआ था।

एक अधिकारी ने बताया, कुएं को नष्ट करने की प्रक्रिया जारी है और हमने इसके लिए सभी आवश्यक उपकरण जुटा लिए हैं। संकट प्रबंधन दल (सीएमटी) रिसाव को नियंत्रित करने के लिए युद्धस्तर पर काम कर रहा है। उन्होंने बताया कि कुएं में अभी तक आग नहीं लगी है और इस घटना में कोई हताहत नहीं हुआ है।

अमेठी में पिता का शव ले जा रहे थे,बेटे समेत 5 लोगों की मौत

अमेठी,15 जून 2025(ए)। अमेठी में पूर्वांचल एक्सप्रेसवे पर रविवार सुबह साढ़े पांच बजे एक एंबुलेंस और पिकअप ट्रक में पीछे से टक्कर हो गई। एम्बुलेंस की गति 150 किमी/घंटा थी। दुर्घटना में एम्बुलेंस में सवार पांच यात्रियों की मौत हो गई तथा एक की हालत गंभीर है। लड़का अपने दो रिश्तेदारों के साथ अपने पिता के शव को एम्बुलेंस में हरियाणा से बिहार ले जा रहा था। पिता की भी सड़क दुर्घटना में मृत्यु हो गई। दुर्घटना के बाद हाईवे पर चीख-पुकार मच गई। राहगीर और स्थानीय लोग मौके पर पहुंच गए। जब मैंने देखा तो लोग एम्बुलेंस के अंदर फंसे हुए थे। किसी तरह उन्होंने चार लोगों को बाहर निकाल लिया, लेकिन ड्राइवर और आगे की सीट पर बैठा व्यक्ति फंसा रह गया।

पुणे में इंद्रायणी नदी पर बना पुल ढहने से 30 लोग बहे,6 लोगों की मौत

पुणे,15 जून 2025(ए)। पुणे के तालेगांव स्थित कुंदमाला इलाके में इंद्रायणी नदी पर बने पैदल यात्री पुल के रविवार को अचानक ढह जाने से करीब 30 लोग नदी में बह गए हैं। स्थानीय विधायक ने बताया कि हादसे में 6 लोगों की मौत हो गई है। सूचना पर पहुंची पिंपरी-चिंचवाड़ पुलिस और राज्य आपदा राहत प्रतिक्रिया बल (एसडीआरएफ) की टीमों ने बचाव कार्य शुरू किया है।

अब तक 8 लोगों को बचाया जा चुका है और अन्य की तलाश जारी है।

पुलिस के अनुसार, देहू के कुंदमाला इलाके में संत तुकाराम से जुड़ा एक पवित्र तीर्थ स्थल है और यहां सप्ताहांत पर पर्यटकों की भारी भीड़ उमड़ती है। रविवार को भी यहां भारी भीड़ थी।

नदी के दोनों किनारों को जोडने़ वाले पैदल यात्री पुल पर दर्जनों लोग खड़े थे। दोपहर करीब साढ़े 3 बजे पुल अचानक टूट गया और करीब 30 लोग पानी में बह गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने राहत और बचाव कार्य शुरू कराया।



पिंपरी-चिंचवड़ पुलिस ने बताया कि नदी में अभी 15 से 20 लोगों के फंसे होने की आशंका है। अब तक 8 लोगों को बचाया जा चुका है। अन्य लोगों की तलाश का कार्य युद्ध स्तर पर जारी है।

पुलिस ने बताया कि वर्तमान में दमकल की 20 गाड़ियां मौके पर मौजूद है। नावों और गोताखोरों को भी तैनात कर दिया गया है।इसी तरह राष्ट्रीय आपदा प्रतिक्रिया बल (एनडीआरएफ) की टीमों को भी मौके पर बुलाया जा रहा है।

मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने कहा, पुणे के तलेगांव के पास इंद्रायणी नदी पर बने पुल के ढहने की खबर सुनकर गहरा दुख हुआ है। मैं मृतकों के प्रति हार्दिक संवेदना व्यक्त करता हूं। मैं संभागीय आयुक्त, जिला कलेक्टर, पुलिस अधीक्षक और संबंधित तहसीलदार के लगातार संपर्क में हूं। कुछ लोग बह गए हैं, जिनकी तलाश युद्ध स्तर पर की जा रही है। मौके पर एनडीआरएफ को तैनात किया गया है। अब तक 8 लोगों को बचाया गया है। शुरुआती जानकारी के मुताबिक, यह पुल पहले से ही बहुत खराब और जर्जर हालत में था। पुणे और आसपास के इलाकों में अच्छी बारिश के बाद लोग यहां नजारा देखने पहुंचे थे। सप्ताहांत होने के चलते भी भीड़ ज्यादा थी।

राहुल गांधी को पाकिस्तान और चीन पर भरोसा है,लेकिन देश पर नहीं:गिरिराज सिंह

बेगूसराय,15 जून 2025(ए)। लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी के बीबीसी की एक रिपोर्ट का हवाला देते हुए प्रयागराज के महाकुंभ में मची भगदड़ में हताहतों की संख्या अधिक होने के बयान पर केंद्रीय मंत्री और भाजपा के नेता गिरिराज सिंह ने जोरदार पलटवार किया है।

गिरिराज सिंह ने कहा कि कि कांग्रेस के नेता राहुल गांधी वही बात करेंगे जो भारत के विरोध में होगी। केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह ने पत्रकारों से बातचीत में कहा, कांग्रेस के नेता राहुल गांधी को चीन की एंबेसी पर भरोसा है, पाकिस्तान की एंबेसी पर भरोसा है, बीबीसी की रिपोर्ट पर भरोसा है, लेकिन देश पर भरोसा नहीं है। यही राहुल गांधी की विश्वसनीयता है।

बेगूसराय से सांसद और भाजपा के नेता गिरिराज सिंह ने आगे कहा, आज ऑपरेशन सिंदूर हो या बीबीसी की रिपोर्ट हो, यह (राहुल गांधी) वही बात करेंगे जो भारत के विरोध में होगी। पता नहीं, इनकी क्या समस्या है? इन्होंने जैसे संकल्प ही ले लिया है कि मुझे भारत के विरोध में ही बात करनी है।

पाकिस्तान की फिर खुली पोल,राफेल को मार गिराने का दावा झूठ निकला

नई दिल्ली,15 जून 2025(ए)। भारत ने पहलगाम आतंकी हमले का बदला लेने के लिए ऑपरेशन सिंदूर के तहत 6-7 मई की दरमियानी रात पाकिस्तान और पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर में आतंकी ठिकानों पर हमला किया था, जिसमें 100 से ज्यादा आतंकी मारे गए थे। इसके बाद पाकिस्तान ने दावा किया था कि उसने भारत के तीन राफेल जेट को मार गिराया है। अब अत्याधुनिक लड़ाकू विमान राफेल की निर्माता कंपनी डसॉल्ट एविएशन के चेयरमैन और सीईओ एरिक ट्रैपियर ने भी पाकिस्तान के इस दावे को सिरे से खारिज कर दिया है। ट्रैपियर ने कहा कि राफेल को गिराने का दावा सही नहीं हैं। उन्होंने कहा कि भारतीय वायु सेना (आईएएफ) से हमें ऐसा कोई आधिकारिक संदेश नहीं मिला है जिसमें राफेल विमान को किसी नुकसान का संकेत दिया गया हो। डसॉल्ट सीईओ ट्रैपियर ने कहा, हम पहले से ही जानते हैं कि पाकिस्तान जो दावा कर रहा है, वह गलत है। उन्होंने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर का पूरा विवरण अभी तक सार्वजनिक रूप से सामने नहीं आया है।

मुंबई में अमेरिकी महावाणिज्य दूतावास कार्यालय को बम से उड़ाने की धमकी

मुंबई,15 जून 2025(ए)। मुंबई में अमेरिकी महावाणिज्य दूतावास कार्यालय को बम से उड़ाने की धमकी दी गई। इससे कार्यालय और पुलिस प्रशासन में हड़कंप मच गया। अफरातफरी के बीच मुंबई पुलिस को घटना की जानकारी दी गई। पुलिस ने पुष्टि करते हुए कहा कि अमेरिकी महावाणिज्य दूतावास कार्यालय को बम से उड़ाने की धमकी भरा कॉल आया था। सूचना मिलने पर बीकेसी पुलिस स्टेशन को अलर्ट किया गया, जिसके बाद पुलिस अधिकारी और बम स्क्वायड की टीम मौके पर पहुंची और पूरे इलाके की जांच की। हालांकि, जांच के दौरान पुलिस को कुछ संदिग्ध सामान नहीं मिला। मुंबई पुलिस ने बयान में कहा कि कॉल के बाद बीकेसी पुलिस और बम निरोधक दस्ते ने इलाके की जांच की, लेकिन कुछ भी संदिग्ध नहीं मिला। अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया गया है और जांच जारी है।

U.S. CONSULATE
Mumbai

संपूर्ण भारत के लिए एक प्रकाशन
घटती घटना
लेख एवं विचार अभिव्यक्ति
अम्बिकापुर,सोमवार 16 जून 2025

संपादकीय

निष्कर्ष पर पहुंचना जरूरी

यूक्रेन और रूस के बीच तुर्किये में शांति वार्ता का दूसरा दौर चल रहा है। इस खबर से दुनिया भर में राहत की सांस ली जानी चाहिए थी,लेकिन कोई इसके सार्थक परिणामों की उम्मीद नहीं कर रहा। दोनों देशों में अभी तक मृत सैनिकों के शवों और घायल सैनिकों की अदला-बदली पर ही सहमति बनी है, जबकि युद्ध तीन साल से बदस्तूर जारी है। दोनों देशों में हो रही वार्ता की तुर्किए के विदेश मंत्री हकन फिदान अध्यक्षता कर रहे हैं। रूस और यूक्रेन के वरिष्ठ अधिकारियों की हालिया टिप्पणियों से पहले ही संकेत मिल चुके हैं कि युद्ध को रोकने की दिशा में फिलहाल कोई ठोस प्रगति नहीं होने जा रही है। जंग का हाल ये है कि रोज इसकी गंभीरता बढ़ती जा रही है। अग्रिम मोर्चे पर भीषण लड़ाई चल रही है और दोनों पक्ष एक-दूसरे के क्षेत्र में भीतर तक हमले कर रहे हैं। पहले इस युद्ध में यूक्रेन को कमजोर समझा जा रहा था और पूरी दुनिया मान बैठी थी कि यूक्रेन जल्द ही हथियार डाल देगा और रूसी राष्ट्रपति पुतिन अपने मकसद में कामयाब हो जाएंगे, लेकिन यूक्रेनी सेना इस युद्ध को तीसरे साल तक खींचने में कामयाब रही है। रविवार को तो यूक्रेन ने रूस को ऐसा सबक सिखाया जिसे पुतिन और रूसी सेना कभी नहीं भूल पाएगी। यूक्रेनी सेना ने ड्रोन हमले करके रूस के भीतर कई अहम एयर स्ट्रिप को बरबाद कर 40 से अधिक रूसी विमानों की कब्रगाह बना डाली। खिसियाया रूसी रक्षा मंत्रालय मार गिराए गए यूक्रेनी ड्रोन की संख्या बताकर ही खीझ मिटा रहा है। यूक्रेन पर रूसी हमले पहले की तरह जारी हैं। युद्ध अब अत्याधुनिक पैंतरेबाजी तक पहुंच गया है। इसमें अब सैनिकों से ज्यादा ड्रोन की भूमिका हो गई है। युद्ध को लेकर संयुक्त राष्ट्र और बड़े देशों की भूमिका निंदनीय बनी हुई है।ये सभी इसे पुतिन का निजी मामला समझकर सुविधाजनक दूरी बनाए हुए हैं। यूक्रेन को सैन्य सामग्री देकर ही नाटो भी संतुष्ट है। अमेरिका रूस से तेल, गैस और यूरेनियम खरीदन वालों पर 500 फीसद शुल्क लगाने के विधेयक पर विचार की तैयारी कर रहा है। भारत और चीन इसका सीधा शिकार बनेंगे जो रूस से भारी मात्रा में ये सामान खरीद रहे हैं। इस युद्ध से पुतिन भी संकट में हैं, क्योंकि उन्होंने ऐसे युद्ध में गर्दन फंसा ली है जहां से निकलना संभव नहीं हो रहा। यूक्रेनी शहरों की तबाही और लाखों लोगों के विस्थापन के साथ दुनिया की भी सांस हलक में अटकी है। इस्तांबुल वार्ता का किसी निष्कर्ष पर पहुंचना जरूरी है।

हत्या के एक दोष पर दो उम्रकैद: न्याय की सीमा या उसका उल्लंघन?

डॉ सत्यवान सौरभ
बड़वा (सिवानी)
भिवानी,हरियाणा

» सुप्रीम कोर्ट के द्वार पर खड़ा न्याय का गूढ़ सवाल

» दंड और संविधान की टकराहट: दोहरी उम्रकैद पर बहस

» जब सज़ा जीवन से लंबी हो जाए: क्या यही न्याय है?

भारतीय न्याय व्यवस्था के दरवाज़े पर एक संवेदनशील और जटिल प्रश्न खड़ा है-क्या किसी व्यक्ति को एक ही अपराध के लिए दो बार उम्रकैद की सज़ा दी जा सकती है? यह प्रश्न अब सुप्रीम कोर्ट के विचाराधीन है और देशभर में न्याय, संविधान और दंड व्यवस्था को लेकर नई बहस का विषय बन गया है। हरियाणा के ठा सुकेश नामक व्यक्ति को अपनी पत्नी की हत्या के मामले में दो अलग-अलग धाराओं में उम्रकैद की सज़ा दी गई थी। दोनों सजाएँ लगातार चलने के आदेश के साथ दी गईं, यानी पहले एक उम्रकैद पूरी होगी, फिर दूसरी शुरू होगी। यह वही स्थिति है जैसे किसी व्यक्ति को दो जीवनकाल की सज़ा दे दी गई हो।

भारत का संविधान यह स्पष्ट कहता है कि किसी भी व्यक्ति को एक ही अपराध के लिए दो बार मुकदमा चलाकर सज़ा नहीं दी जा सकती। अनुच्छेद 20 (2) में उल्लेखित डबल जियोपर्डी का सिद्धांत इसी विचार पर आधारित है कि न्यायिक प्रक्रिया केवल दंड देने के लिए नहीं, बल्कि न्याय को संतुलन और विवेक के साथ लागू करने के लिए है। लेकिन यदि किसी एक घटना से जुड़े दो अलग-अलग अपराधों के तहत मुकदमा चले और दोनों में दोष सिद्ध हो, तो क्या दो बार सज़ा दी जा सकती है? यही इस पूरे मामले का केंद्रीय प्रश्न है।

ठा सुकेश पर आरोप है कि उसने अपनी पत्नी की हत्या की। इस घटना से उत्पन्न दो मुकदमे–एक भारतीय दंड संहिता की धारा 302 (हत्या) और दूसरा संभवतः धारा 498ए (घरेलू हिंसा) या 304बी (दहेज मृत्यु)–दायर किए गए। दोनों मामलों में सजा उम्रकैद की हुई और उन्हें लगातार चलाने का निर्देश दिया गया। यहाँ कानूनी पेचीदगी यह है कि अगर हत्या और घरेलू हिंसा की घटनाएँ एक ही समय और परिस्थिति की उपज हैं, तो क्या उन्हें दो अलग-अलग अपराध माना जा सकता है? सुप्रीम कोर्ट के सामने यह प्रश्न केवल तकनीकी नहीं, बल्कि नैतिक और संवैधानिक रूप से भी महत्वपूर्ण है। न्याय का उद्देश्य किसी को दोहरा दंड देना नहीं है, बल्कि उस अपराध की प्रकृति और उसकी सामाजिक क्षति के अनुरूप न्यायसंगत सज़ा देना है। लगातार दो उम्रकैद देना ऐसा प्रतीत होता है जैसे किसी व्यक्ति को उसकी आयु से अधिक सजा दी जा रही हो–एक प्रकार का अतिन्याय, जो अन्याय में बदल सकता है।

पूर्व में भी सुप्रीम कोर्ट ने ऐसे मामलों पर विचार किया है। मुथुरामलिंगम बनाम तमिलनाडु राज्य (2016) के एक मामले में सुप्रीम कोर्ट ने स्पष्ट रूप से कहा था कि एक से अधिक उम्रकैद की सजाएँ साथ-साथ चलनी चाहिए, जब तक कि किसी विशेष परिस्थिति में अलग-अलग चलाना अनिवार्य न हो। वहीं,स्वामी श्रद्धानंद मामले में न्यायालय ने यह भी स्पष्ट किया था कि यदि फाँसी नहीं दी जाती,तो सज़ा की अवधि को बढ़ाया जा सकता है,लेकिन यह फैसला भी न्यायिक विवेक और अपवाद के आधार पर लिया गया था,न कि नियम के तहत।

यदि ठग सुकेश को एक ही अपराध में दो बार उम्रकैद दी जाती है,तो यह एक खतरनाक परंपरा की नींव हो सकती है। यह न्यायिक प्रणाली के उस मूल विचार से भटकाव होगा,जहाँ दंड प्रणाली सुधारात्मक होनी चाहिए,न कि दमनकारी। साथ ही,यह भी देखना होगा कि क्या ऐसे फैसले संविधान के मूल ढांचे और व्यक्तिगत अधिकारों के अनुरूप हैं या नहीं।

भारत जैसे लोकतांत्रिक राष्ट्र में जहाँ जीवन और स्वतंत्रता के अधिकार को सर्वोच्च स्थान दिया गया है,वहाँ इस प्रकार की सज़ाएँ मानवीय दृष्टिकोण से भी असहज प्रतीत होती हैं। कोई भी सज़ा,चाहे वह कितनी भी सख्त क्यों न हो, तब तक न्यायसंगत नहीं कही जा सकती जब तक उसमें विवेक,मानवीयता और संविधान की भावना न हो।

इस निर्णय का असर केवल एक व्यक्ति पर नहीं पड़ेगा,बल्कि यह भारतीय दंड संहिता, आपराधिक प्रक्रिया संहिता और संविधान की व्याख्या को भी नए सिरे से परिभाषित करेगा। यदि सुप्रीम कोर्ट इस फैसले को वैध ठहराता है, तो भविष्य में अनेक मामलों में दोहरी उम्रकैद देने की संभावनाएँ खुल सकती हैं। यदि नहीं, तो यह न्यायिक विवेक का एक ऐतिहासिक उदाहरण बनेगा, जो यह स्थापित करेगा कि सज़ा का उद्देश्य दमन नहीं, दिशा देना है। हर न्यायिक निर्णय एक उदाहरण होता है। यह मामला हमारे देश की न्याय प्रणाली के उस चौराहे पर खड़ा है, जहाँ से आगे का रास्ता तय करेगा कि हम किस प्रकार के समाज की ओर बढ़ना चाहते हैं-एक ऐसा समाज जहाँ न्याय समानुपातिक हो, या एक ऐसा जहाँ सज़ा के नाम पर अतिशयता को न्याय कहा जाए। यह केवल ठा सुकेश या उसकी पत्नी का मामला नहीं है। यह उस विचारधारा का मामला है, जो यह तय करती है कि अपराध के लिए सज़ा कैसी होनी चाहिए–दुहराव में लिपटी हुई, या विवेक और मानवता से सजी हुई?

अब यह सुप्रीम कोर्ट के विवेक और संविधान की व्याख्या पर निर्भर करेगा कि वह इस अत्यंत जटिल सवाल का उत्तर कैसे देता है। न्याय केवल कानून का अनुपालन नहीं होता, वह समाज की चेतना का प्रतिबिंब भी होना चाहिए।

प्रकाशक: दैनिक घटती-घटना

बैंकिंग प्रणाली को ग्राहक-केंद्रित बनाने की जरूरत

भारतीय बैंकिंग प्रणाली,जो देश की आर्थिक रीढ़ मानी जाती है,समय-समय पर ग्राहकों के साथ अनुचित व्यवहार के लिए आलोचना का विषय बनती रही है। हाल में भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के नये दिशा-निर्देशों का ऐलान किया गया जिनसे देश भर के बैंकों में नये सेवा शुल्कों और लेन देन की सीमाओं को लेकर असमंजस की स्थिति है। ऑल इंडिया बैंक ऑफिसर्स कंफेडरेशन के पूर्व महासचिव थॉमस फ्रैंको ने हाल में बैंकों द्वारा ग्राहकों से अनुचित शुल्क वसूलने और आरबीआई की नीतियों के प्रभावों पर गंभीर सवाल उठाए हैं। फ्रैंको ने बैंकों की उन प्रथाओं पर प्रकाश डाला है, जिनके माध्यम से ग्राहक अनजाने में अतिरिक्त शुल्क और चार्जेस का बोझ उठाते हैं। उनके अनुसार, बैंक न केवल अपनी सेवाओं के लिए मनमाने ढंग से शुल्क बढ़ाते हैं, बल्कि ग्राहकों को अनुचित नियमों और शतरे के जाल में भी फंसाते हैं। उदाहरण के लिए, एटीएम लेन देन पर लगने वाले शुल्क, न्यूनतम बैलेंस की आवश्यकता और तीसरे पक्ष के उत्पादों (जैसे बीमा) की गलत बिक्री (मिस-सेलिंग) आम ग्राहकों के लिए परेशानी का कारण बन रही है। आरबीआई के दिशा-निर्देशों के बावजूद बैंक ग्राहकों के साथ पारदर्शिता और निष्पक्षता बरतने में विफल रहे हैं। वे बताते हैं कि बैंकों द्वारा लगाए गए कई शुल्क, जैसे एटीएम से नकदी निकासी पर चार्ज या न्यूनतम बैलेंस न रखने की सजा, ग्राहकों के लिए अनुचित और बोझिल हैं। विशेष रूप से छोटे बचत खाताधारकों और ग्रामीण क्षेत्रों के ग्राहकों पर इसका सबसे अधिक प्रभाव पड़ता है। आरबीआई ने हाल में एटीएम संचालन, लेन देन सीमा और शुल्क से संबंधित नये दिशा-निर्देश जारी किए हैं। इन दिशा-निर्देशों के अनुसार, ग्राहकों को अपने बैंक के एटीएम पर सीमित मुफ्त लेन देन की सुविधा दी जाती है, और अन्य बैंकों के एटीएम पर भी मुफ्त लेन देन की संख्या निर्धारित की गई है। इन सीमाओं को पार करने पर ग्राहकों से शुल्क वसूला जाता है। फ्रैंको का तर्क है कि ये दिशा-निर्देश बैंकों को ग्राहकों से अतिरिक्त शुल्क वसूलने की छूट देते हैं, जिससे आम आदमी पर बोझ बढ़ता है। उदाहरण के लिए, यदि कोई ग्राहक अपने बैंक के एटीएम से पांच मुफ्त लेन देन के बाद अतिरिक्त निकासी करता है, तो उसे प्रति लेन देन 20 रु पये तक का शुल्क देना पड़ सकता है। इसी तरह,अन्य बैंकों के एटीएम पर तीन मुफ्त लेन देन के बाद शुल्क लागू होता है। फ्रैंको के अनुसार, यह व्यवस्था ग्राहकों को उनकी ही बचत का उपयोग करने के लिए दंडित करती है। आरबीआई ने डिजिटल बैंकिंग और साइबर सुरक्षा को बढ़ावा देने के लिए भी दिशा-निर्देश जारी किए हैं, जैसे मल्टी-फैक्टर ऑथेंटिकेशन और अनिधकृत लेन देन की स्थिति में ग्राहकों की शून्य देयता।

-विनीत नारायण-

बच्चों को स्कूल भेजने के बजाय उनसे बाल श्रम कराया जाता है...

विजय गर्ग
चांद मलोट
पंजाब

गरीब बच्चे शोषण के सबसे अधिक शिकार होते हैं 12 जून को पूरे विश्व में बाल श्रम के विरोध में हर साल मनाया जाता है। इस दिवस की शुरुआत वर्ष 2002 में अंतर्राष्ट्रीय श्रम संगठन द्वारा बाल श्रम के खिलाफ जागरूकता फैलाने और 14 वर्ष से कम उम्र के बच्चों को इस काम से मुक्त कराने तथा उन्हें शिक्षा प्रदान करने के उद्देश्य से की गई थी। इस दिवस को पूरे विश्व में मनाने का मुख्य उद्देश्य बाल श्रमिकों को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक करना है। बाल श्रम आज भारत में एक बहुत बड़ी समस्या है। सरकारें इस बुराई को रोकने के लिए समय-समय पर कानून बनाती रही हैं और दावे भी किए जाते हैं कि इस बुराई को रोकने के लिए काफी प्रयास किए जा रहे हैं, लेकिन आज भी ढाबों, औद्योगिक इकाइयों और कई अन्य जगहों पर काम करने वाले बच्चे इन सरकारी दावों को झूठलाते नज़र आते हैं। देश में बाल मजदूरों की संख्या दिन-प्रतिदिन बढ़ती जा रही है। वर्तमान में गरीब बच्चों का सबसे अधिक शोषण हो रहा है। उन्हें स्कूल भेजने के बजाय बाल मजदूर के रूप में काम करने के लिए मजबूर किया जाता है। अधिकांश बच्चे अपने घरों की बेहद कमजोर आर्थिक स्थिति या फिर अपने माता-पिता के सामाजिक बुराइयों के शिकार होने के कारण काम करने के लिए मजबूर होते हैं। बाल मजदूरी बच्चों के मानसिक, शारीरिक, आध्यात्मिक,बौद्धिक और सामाजिक हितों को प्रभावित करती है। बाल मजदूरी में लिप्त बच्चे मानसिक रूप से बीमार होते हैं और बाल मजदूरी उनके शारीरिक और बौद्धिक विकास में बड़ी बाधा बनती है। बाल मजदूरी बच्चों को उनके मौलिक अधिकारों से वंचित करती है जो संविधान के खिलाफ है और मानवाधिकारों का भी उल्लंघन है। भारत में बाल मजदूरी के खिलाफ 1986 में एक अधिनियम पारित किया गया था। इस अधिनियम के अनुसार, उद्योगों में बच्चों को काम पर रखना प्रतिबंधित है। इसके अनुसार, 14 वर्ष से कम आयु के किसी भी बच्चे को किसी भी फैक्ट्री आदि में काम पर नहीं रखा जा सकता। पंद्रह से 18 वर्ष की आयु के बच्चों को किसी भी फैक्ट्री में तभी काम पर रखा जा सकता है, जब उनके पास किसी मान्यता प्राप्त डॉक्टर से फिटनेस सर्टिफिकेट हो। इस कानून के अनुसार 14 से 18 वर्ष की आयु के बच्चों को प्रतिदिन साढ़े चार घंटे काम करना होगा तथा रात में काम करने पर रोक है। दुर्भाग्य से, इतने सख्त कानून के बाद भी बच्चों को होटलों, कारखानों, दुकानों आदि में दिन-रात काम करने के लिए मजबूर किया जा रहा है, जिससे कानून का उल्लंघन हो रहा है तथा मासूम बच्चों का बचपन प्रभावित हो रहा है। आंकड़ों के अनुसार, आज दुनिया में सबसे ज्यादा बाल मजदूर भारत में हैं। 50 प्रतिशत भारतीय बच्चे अपने बचपन के अधिकारों से वंचित हैं। उन्हें न तो शिक्षा की रोशनी मिल रही है और न ही उनका सही पालन-पोषण हो रहा है। बाल श्रम के खिलाफ काम करने वाले संगठन बचपन बचाओ आंदोलन की एक रिपोर्ट बताती है कि भारत में करीब सात से आठ करोड़ बच्चे अनिवार्य शिक्षा से वंचित हैं। ये बच्चे गरीबी के कारण स्कूल नहीं जा पाते और इनमें से अधिकतर बच्चे बाद में बाल मजदूरी करने को मजबूर हो जाते हैं। सरकारी आंकड़ों के अनुसार, भारत में इस समय 20 मिलियन बाल मजदूर हैं, लेकिन हकीकत में यह आंकड़ा इससे कहीं ज्यादा है। देखा जाए तो गरीबी के कारण बच्चे कठोर परिश्रम करते हैं। इसके अलावा बढ़ती जनसंख्या, आवश्यक बुनियादी सुविधाओं की कमी, शिक्षा की कमी और मौजूदा कानूनों का सही तरीके से क्रियान्वयन न होना भी बढ़ते बाल श्रम के लिए जिम्मेदार हैं। भारत में कई जगहों पर आर्थिक तंगी के कारण माता-पिता अपने बच्चों को चंद पैसों के लिए ठेकेदारों को बेच देते हैं, जो अपनी सुविधा के अनुसार उन्हें होटलों, कॉटेज और अन्य कारखानों में काम पर लगा देते हैं, जहाँ इन बाल मजदूरों का अक्सर शोषण होता है। देश से बाल श्रम की इस बुराई को मिटाने के लिए ऐसे बच्चों के परिवारों को गरीबी के चक्र से बाहर निकालना और उनकी शिक्षा के लिए उचित प्रयास करना जरूरी है।

कविता
शिव तेरे बिन...

घटती-घटना



कार्तिकेय कुमार
गांधीनगर
इंदौर,मध्यप्रदेश

शिव तेरे बिन जीवन में, जाने कैसा लगता है,
पास तेरे आ जाने पर फिर,सब-कुछ अच्छा लगता है।
शिव तेरे बिन ....
ना मैं कुछ-भी लाया था, ना लेकर जा पाऊंगा,
हां जो जीवन पाया है, उसमें सुर दे जाऊंगा।
शिव तेरे बिन .....
शिव भोले दो-दो अक्षर हैं, भेद नहीं इसमें कुछ-भी है,
हम जिस भक्ति में डूबे हैं, उसके सुबह और शाम वही हैं।
शिव तेरे बिन .....
भूली-बिसरी यादों में, भोले की बातें बिखरी हैं,
चुनकर माला बुनता हूं तो, दिखती बस निखरी-निखरी है।
शिव तेरे बिन .....
भोले सपनों का भार हरो, जीवन का एक आधार धरो,
मेरी श्वांसों की रेखा पर, भक्ति का सुर साकार करो।
शिव तेरे बिन ....

कविता
पिता ईश्वर का साया...

घटती-घटना

मोनिका डागा
चेन्नई
तमिलनाडु

मॉ अमृत की छाया और पिता ईश्वर का साया,
मॉ से ही है मायका पिता से चाहतों का जायका,
मॉ से बुलंद हौसला पिता सीखाते लेना फैसला,
मॉ देती है शिक्षा पिता पास कराते जीवन परीक्षा ।
मॉ है सारी जमीन और पिता है पूरा आसमान,
मॉ है खुश अंतर्मन और पिता है शक्तिशाली तन,
मॉ इस दिल की है जान पिता से मिलती पहचान,
मॉ प्रभु से मिला वरदान पिता चेहरे की मुस्कान ।
मॉ से मिलती मिठास पिता से दृढ़ आत्मविश्वास,
मॉ से आनंदपूर्ण साहस पिता से है उमंग उत्साह,
मॉ का सिर पर हाथ पिता का मजबूत बनाएं साथ,
मॉ का आशीर्वाद तो अनुपम पिता का प्रेम मधुबन ।
मॉ है हर दर्द की दवा और पिता कबूल हुई दुआ,
मॉ शब्दों की भाषा पिता है जीवन की परिभाषा,
मॉ उलझनों का करे खात्मा पिता जीवन आत्मा,
मॉ सारी भावनाएं पिता से विजय श्री संभावनाएं ।
मॉ जीवन आनंद तो पिता है मधुरतम् मकरंद,
मॉ है धमनियों का रक्त और पिता बनाएं सशक्त,
मॉ का सब करे वंदन पिता भी जीवन प्राण स्पंदन,
मॉ है जितनी पूजनीय पिता भी उतने ही वंदनीय ।
मॉ जीवन की परछाई तो पिता छुपी हुई गहराई,
मॉ त्याग की मूरत पिता जीवन कड़ी खुबसूरत,
मॉ खुशियों की डायरी पिता है गुनगुनाती शायरी,
मॉ जीवन की धूरी और पिता बिन जिंदगी अधूरी ।

इंटरनेट युग में मानव साम्यता, उसका तकनीकी कौशल और मनोविज्ञान

गूगल हेड क्वाटर में कैंपस के लोन की बढ़ी हुई घास काटने के लिए मशीनों का इस्तेमाल नहीं किया जाता है बल्कि बकरियों को लोन में छोड़ देते हैं ताकि लोन की घास एक सीमा से अधिक नहीं बढ़ सके। ऐसा इस लिए किया जाता है क्योंकि घास काटने की मशीनों से कंपन होता है और उससे कंपनी के कर्मचारियों, अधिकारियों में चिड़चिड़ापन महसूस होता है जो उनकी कार्य क्षमता ब दक्षता को प्रभावित करता है। मेरे एक मित्र कैलिफोर्निया के शहर लॉस एंजिल्स में रहते और गूगल में सॉफ्ट वेयर इंजीनियर हैं, उन्होंने यह बकाया सुनाया कि बड़ी संस्थान अपने कर्मचारियों के मनोविज्ञान को पढ़ने और संतुलित करने के लिए क्या क्या नहीं करते हैं। मुझे यह सुनकर अचरज नहीं हुआ क्योंकि यह बात सही है कि संस्थानों में बेहतर व्यवस्था के लिए मनोविज्ञान के चिकित्सक रखे जाते हैं जो समय समय पर बिना परीक्षण किए नए नए तकनीकी कौशल के लिए प्रबंधन को सुझाव देते हैं। यह भी एक मनोविज्ञान है। ये मनो एक्सपर्ट कर्मचारियों, अधिकारियों के घरों का दौरा भी जब करते हैं तब उन्हें ऐसा लगता है कि उक्त कर्मचारी या अधिकारी की कार्य क्षमता ब दक्षता का उपयोग ठीक ढंग से नहीं हो पा रहा है। ये विशेषज्ञ उनके घर जा कर उनकी पत्नी, बच्चों से बात करते हैं और यहां तक कि पर्दा के रंग, सोफे का रंग, रसोई की स्थिति को भी कंपनी की ओर से बदल बाते है लेकिन मामला कर्मचारियों, अधिकारियों के संज्ञान में लाए बिना। सेनफ्रांसिस्को में अमेजॉन नामक बहुद्देशीय, कंपनी का मुख्यालय है उसने अपने कर्मचारियों, अधिकारियों की कोई ड्रेस नहीं बनाई है न ही प्रबंधन प्रतिदिन इनसे रूबरू होता है और बस क्या कार्य करना यह तय होता है और उसे बड़े बारीकी से जांचा जाता है और तब उसकी क्षमता,का कार्य कार्य जाता है। इन कर्मचारियों अधिकारियों को एक से पांच करोड़ रुपए के पैकेज पर काम दिया गया है। यूरोपीय देशों में जर्मनी फ्रांस, इटली, ब्राजील, ऑस्ट्रेलिया, अमेरिका, में ऐसा नियमित रूप से होता है। कर्मचारियों अधिकारियों के छुट्टी के दिन तय है और उस दिन उन्होंने किया किया इसका भी परीक्षण किया जाता है। अमेरिका, इंग्लैंड, ऑस्ट्रेलिया साउथ अफ्रीका, फ्रांस इटली बेल्जियम में क्रायोजेनिक इंजन,बोइंग,

लड़ाकू विमानों,रॉकेट,नए नए तकनीकी संचार, बनाए जाते हैं। और इन उत्पादों को बनाने के उन्नत किस्म का माहौल बनाया जाता है वेस्टलैंड हेलीकॉप्टर बनाने वाली कंपनी अगस्ता वेस्टलैंड का मुख्यालय मिलान इटली में है और शहर से 50 किलो मीटर दूर है लेकिन कर्मचारियों, अधिकारियों को सुविधाएं पांच सितारा है। भारत में कुछ इस प्रकार का माहौल तो नहीं है लेकिन इसरो,आईआईटी, एम्स ने इस दिशा में कुछ कार्य किया है ऐसा पूर्व राष्ट्रपति स्व अब्दुल कलाम ने लिखा भी है कि इसरो के वैज्ञानिकों को सरोद सुबह और वायलिन रात्रि को सोने से पहले बजा कर मेडिटेशन लेने का अनुरोध किया था ताकि प्रयोगशाला ध्यान विचलित न हो हताशा न आए क्योंकि मिसाइल और उपग्रह ऐसे क्षेत्र हैं जहां सफलता सौ बार असफल होने के बाद भी मिल जाय तो आप प्रवीण्य हो। लेकिन बढ़ती जनसंख्या दबाव के चलते भारत को अभी दिल्ली दूर ही दिख रही है। मनोविज्ञान कैसा है यह कार्यकुशलता पर प्रभाव पड़ता है। राजनीतिक क्षेत्र में भी ऐसे नेता जो कम बोलते हैं, सटीक बोलते हैं, जनता से आंखें मिला कर बात करते हैं अधिक सफल होते हैं। एस जयशंकर, राजनाथ सिंह, अश्वनी वैष्णव, पियूष गोयल, शिवराज सिंह, और सबसे बड़े प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज सफल नेता हैं। इस प्रकार की प्रशिक्षण रैली या लोको पायलट, पायलट, फाइटर जेट पायलट की भी होनी चाहिए। देश के मेडिकल कॉलेज के प्रोफेसर को भी चिड़चिड़ापन महसूस नहीं होना चाहिए। आजकल इंटरनेट युग में मोबाइल भी एक जरूरत हो कर परेशानी का कारण भी बन गयी है। अब मिनिट तो मिनिट जानकारी चाहिए। इससे एक सीमा के बाद कोप्त हो जाती है। घरों में सारगर्भित पेंटिंग लगाना, गमले उगाना, बेल चढ़ाना, फूल उगाना, हरसिंगार, रातरानी, मोगरा, की खुशबू से घर को सराबोर करने से सकूं मिलता है। सबसे आश्चर्य यह कि दोपहर को एक घंटे की नीद से कार्य करने की अवधि बढ़ जाती है यह भी एक मनोविज्ञान है। मनुष्य काम (सेक्स) बिना अधूरा है और उसे यह खुराक आवश्यक है। ऐसा नहीं करने पर कुंठा का जन्म होता है। अभी अफगानिस्तान में अमेरिका, इंग्लैंड, ऑस्ट्रेलिया, की सेनाएं युद्ध में थी लेकिन सैनिकों के मनोरंज के लिए अमेरिका से सेक्स वर्कर्स को भेजा गया था और यह सत्य घटना है।

अजय दीक्षित-

समाचार पत्र में छपे समाचार एवं लेखों पर सम्पादक की सहमति आवश्यक नहीं है। हमारा ध्येय तथ्यों के आधार पर सटिक खबरें प्रकाशित करना है न कि किसी की भावनाओं को ठेस पहुंचाना। सभी विवादों का निपटारा अम्बिकापुर न्यायालय के अधीन होगा।
-सम्पादक

गर्मी व बारिश के बीच डायरिया का प्रकोप ज्यादा...रहें जागरुक

- संवाददाता -
अंबिकापुर,15 जून 2025 (घटती-घटना)।

गर्मी व बारिश के बीच डायरिया का प्रकोप बढ़ जाता है। स्वास्थ्य विभाग द्वारा डायरिया या दस्त बीमारियों के रोकथाम के लिए जिले में 15 जून से लेकर 31 जुलाई तक डायरिया रोकथाम कार्यक्रम के तहत विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान का उद्देश्य डायरिया से होने वाली 5 वर्ष से कम उम्र के बच्चों में मौत को पूरी तरह से रोकना है। स्वच्छता के प्रति जन जागरूकता बढ़ाना है व डायरिया के कारण निर्जलीकरण के उपचार के लिए ओआरएस व जिंक की उपलब्धता को उच्च जोखिम परिवार में सुनिश्चित करना है।

संक्रामक बीमारी रोकथाम कार्यक्रम प्रभारी डॉ. शैलेंद्र गुप्ता ने बताया कि सरगुजा में वर्ष 2023-24 में 11 सौ से ज्यादा डायरिया के मरीज पीड़ित हुए थे। जिसमें 70 प्रतिशत मरीज जून व जुलाई में आए थे। डायरिया से विशेष कर 5 वर्ष के छोटी उम्र के बच्चों में जानलेवा साबित होता है। जिले में ग्रामीण क्षेत्र में खराब जल स्त्रोतों और हाथ धोने की कम आदत के कारण डायरिया के प्रकरण ज्यादा पाए गए हैं। डायरिया के रोकथाम के लिए प्रत्येक स्वास्थ्य केंद्र में ओआरएस जिंक कॉर्नर बनाया गया है। मितानिन के पास ओआरएस पैकेट व जिंक उपलब्ध कराया गया है। मितानिन व स्वास्थ्य कर्मचारी घर में ओआरएस घोल बनाने की विधि समझा रहे हैं। विद्यालय व आंगनबाड़ी केंद्र में स्वच्छता व हाथ धोने की विधि का प्रचार प्रसार किया जा रहा है। पीएचई विभाग के सहयोग से जलस्त्रोतों का क्लोरीनीकरण किया जा रहा है। प्रतिदिन डायरिया प्रकरणों की निगरानी एवं रिपोर्टिंग रखी जा रही है। डॉ. शैलेंद्र गुप्ता ने बताया कि डायरिया से होने वाली मौत पूरी तरह से रोके जाने योग्य है। ओआरएस घोल और जिंक समय पर देना, स्वच्छता अपनाना व पानी को उबालनकर पीना ये तीन सरल उपाय से डायरिया बीमारी से बच सकते हैं, समय पर ध्यान देने पर यह जानलेवा भी साबित हो सकता है। नवजात शिशु में डायरिया होने पर मां को दूध पिलाना बंद नहीं करना चाहिए। यदि दो दिन से अधिक दस्त हो या कमजोरी दिखे तो तुरंत नजदीक की स्वास्थ्य केंद्र में चिकित्सक की देखरेख में इलाज कराना चाहिए।

युवक की नाले में मिली लाश... परिजन ने जताया हत्या की आशंका

- संवाददाता -
अंबिकापुर,15 जून 2025 (घटती-घटना)।

गांधीनगर थाना क्षेत्र के गंगापुर स्थित नाला में एक युवक की लाश मिलने से सनसनी फैल गई। मृतक की पहचान बालेश्वर यादव के रूप में की गई है। वह शनिवार शाम 4 बजे बिना बताए घर से निकला था। परिजन ने हत्या की आशंका जताई है। उसके सिर पर चोट के निशान भी पाए गए हैं। हालांकि पुलिस गिरने से भी मौत की आशंका जता रही है। फिलहाल पुलिस माले में मर्ग कायम कर आगे की कार्रवाई के लिए पीएम रिपोर्ट का इंतजार कर रही है।

बालेश्वर यादव पिता नइहर साय उम्र 40 वर्ष दरिमा थाना क्षेत्र के पतराटोली का रहने वाला था। वह अंबिकापुर स्थित गंगापुर में रहकर राजमिस्त्री का काम करता था। वह शनिवार की शाम 4 बजे घर से बिना बताए कही गया था। जो वापस नही लौटने पर परिजन उसकी तलाश कर रहे थे। रविवार को परिजन ने घर से कुछ ही दूरी पर गंगापुर स्थित नाला में उसका शव देखा। परिजन ने मामले की जानकारी गांधीनगर पुलिस को दी। पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच की। इधर परिजन ने युवक की हत्या की आशंका जताई है। परिजन का कहना है कि किसी ने उसकी हत्या कर नाले में फेंक दिया है। मृतक का मोबाइल भी गायब है। मृतक के सिर में चोट के भी निशान पाए गए हैं। वहीं पुलिस ने गिरने से भी सिर में चोट लगने की आशंका व्यक्ति कर रही है। फिलहाल पुलिस मामले में मर्ग कायम कर आगे की कार्रवाई के लिए पीएम रिपोर्ट का इंतजार कर रही है।

गौ तस्करी के एक फरार आरोपी को बलरामपुर पुलिस ने किया गिरफ्तार

- संवाददाता -
बलरामपुर,15 जून 2025 (घटती-घटना)।

घटना में संलिप्त मुख्य आरोपी, दलाल, परिवहनकर्ता और सहयोगियों संहित प्रकरण में अब तक कुल 07 आरोपियों को पूर्व में गिरफ्तार कर जेल भेजा चुका है।

जानकारी के अनुसार विगत दिनों बलरामपुर थाना क्षेत्र में पुलिस के द्वारा तस्करों के कब्जे से अलग अलग 2 मामलों में कुल 12 रास बैल बरामद किया गया था.

घटना दिनांक 28/04/2025 एवं दिनाँक 04/05/2025 को थाना बलरामपुर क्षेत्रान्तर्गत मुखबिर से प्राप्त सूचना के आधार पर झारखंड के पशु तस्करों को कुल 12 रास बैल को पिकअप वाहन में भरकर झारखंड लेकर जाते हुए थाना बलरामपुर द्वारा पकड़ा गया था। घटना में प्रयुक्त 02 नग पिकअप वाहन एवं 01 नग ग्लैंज़ा कार को घटना के दौरान प्रकरण में जप्त किया गया है। घटना पर थाना बलरामपुर में छत्तीसगढ़ कृषिक पशु परिरक्षण अधिनियम एवं पशु क्रुरता अधिनियम की विभिन्न सुसंगत धाराओं के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया था। विवेचना के दौरान प्रकरण में संलिप्त आरोपीयो द्वारा संगठित रूप से घटना को अंजाम देना पाये जाने पर पृथक से भारतीय न्याय संहिता की धारा 111 जोड़ी गयी है। थाना बलरामपुर में प्रकरण पंजीबद्ध होने के उपरांत फरार पिकप चालकों के साथ साथ गौ तस्करी में संलिप्त अन्य आरोपियों की पता तलाश सभी तकनीकी पहुलुओं के साथ कि जा रही थी। पतातलाश के दौरान गौ वंशीय पशुओं के परिवहन में उपयोग किये जाने वाले पिकप वाहन चालक के साथ साथ मुख्य आरोपी जिनके द्वारा पशुओं की खरीदी कर बूचड़खाना ले जाया जाता है तथा

स्थानीय दलाल जिनके द्वारा ग्रामीणों से गाय बैल खरीदकर पहले एक स्थान पर इकट्ठा करके रखा जाता है फिर झारखंड के आरोपियों को बिक्री किया जाता है की भी जांच की गयी।

जांच पर गौ तस्करी की घटना में संलिप्त सभी स्तर के आरोपियों को चिन्हित कर पुलिस अधीक्षक बलरामपुर के आदेशानुसार अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक बलरामपुर के मार्गदर्शन में दिनांक 02/06/2025 को विशेष अभियान चलाकर झारखंड के ग्राम सोनपुर्वा थाना रंका जिला गढ़वा से 03 आरोपियों को थाना रंका के सहयोग से रेड कार्यवाही कर पकड़ा गया। इसके अतिरिक्त 02 आरोपी ग्राम कोदौरा चौकी डवरा थाना पस्ता जिला बलरामपुर एवं 01 आरोपी ग्राम दुरती थाना प्रतापपुर जिला सुरजपुर से पकड़ा गया। विवेचना के दौरान आरोपियों के विरुद्ध पर्याप्त साक्ष्य पाये जाने से दिनाँक 03/06/2025 को विधिवत गिरफ्तार कर कुल 06 आरोपियों को जेल भेजा जा चुका है।

बताया गया कि घटना में संलिप्त कुछ आरोपीयो के फरार होने के कारण पुलिस की पकड़ से बाहर थे जिसमें आज दिनांक 15/06/2025 को घटना में संलिप्त फरार आरोपी मोहम्मद हारून पिता सादिक अंसारी उम्र 45 वर्ष ग्राम कोदौरा चौकी डवरा थाना पस्ता जिला बलरामपुर को उनके घर मे दबिश देकर चौकी डबरा के सहयोग से पकड़ा गया जिनसे पुछताछ उपरांत विधिवत गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत की गई जहां से न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया गया है। घटना में संलिप्तअन्य फरार आरोपियों की भी बलरामपुर पुलिस के द्वारा सरगर्मी से पतासाजी की रही है शीघ्र ही सभी फरार आरोपियों की गिरफ्तारी की जाएगी।

सहायक विकास विस्तार अधिकारी बनने 13465 लोगों ने दी परीक्षा

- संवाददाता -
अंबिकापुर,15 जून 2025 (घटती-घटना)।

छत्तीसगढ़ व्यापम की सहायक विकास विस्तार अधिकारी भर्ती परीक्षा (एडीओ-2025) रविवार को हुई। सरगुजा में 18211 अभ्यर्थियों ने पंजीयन कराया था। सरगुजा में कुल 39 केन्द्रों पर परीक्षा संपन्न हुई। परीक्षा का समय सुबह 10 से दोपहर 12.15 रहा। परीक्षा में 13465 अभ्यर्थी शामिल हुए। जबकि शेष 4746 अभ्यर्थी उपस्थित नहीं हो सके। परीक्षाको लेकर अभ्यिर्थियों में उत्साह देखा गया। परीक्षार्थियों का कहना था कि इस बार बहुत ही सरल सवाल आए थे। सवाल अच्छे से सॉल्व किए हैं।

नगर पुलिस अधीक्षक श्री रोहित कुमार शाह के स्थानांतरण पश्चात सरगुजा पुलिस द्वारा विदाई समारोह की गई आयोजित

- संवाददाता -
अंबिकापुर,15 जून 2025 (घटती-घटना)।

पुलिस मुख्यालय रायपुर से जारी आदेश क्रमांक एफ 1-3/2025/दो-गृह/भा.पु.से. दिनांक 10/06/25 के निर्देशानुसार नगर पुलिस अधीक्षक श्री रोहित कुमार शाह (भा.पु.से.) कों जिला सरगुजा से अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (ऑप्स) जिला सुकमा मे पदंस्थापना पश्चात कोऑर्डिनेशन सेंटर अम्बिकापुर मे विदाई कार्यक्रम आयोजित कर भावभीनी विदाई दी गई।

विदाई कार्यक्रम कों सम्बोधित करते हुए वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सरगुजा श्री राजेश कुमार अग्रवाल (भा.पु.से.) द्वारा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री रोहित कुमार शाह (भा.पु.से.) के जिला सरगुजा के कार्यकाल कों अविस्मरणीय बताते हुए उनके कार्यकाल के दौरान अच्छी पुलिसिंग किये जाने हेतु प्रशंसा की गई,साथ ही आगामी कार्यकाल के लिए शुभकामनायें देकर भावभीनी विदाई दी गई।

- » वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सरगुजा द्वारा नगर पुलिस अधीक्षक सरगुजा के कार्यकाल की प्रशंसा कर आगामी कार्यकाल के लिए दी गई शुभकामनायें...
- » स्थानांतरण पश्चात नगर पुलिस अधीक्षक सरगुजा कों पुष्प गुच्छ एवं मोमेंटो देकर किया गया सम्मानित...
- » स्थानांतरण पश्चात श्री रोहित कुमार शाह (भा.पु.से.) अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (ऑप्स) के पद पर जिला सुकमा मे देंगे अपनी अग्रिम सेवाएं...

कार्यक्रम के दौरान अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री रोहित कुमार शाह द्वारा कार्यक्रम कों सम्बोधित करते हुए कहा गया कि सरगुजा जिले मे लगभग 01 वर्ष का कार्यकाल रहा इस दौरान वरिष्ठ अधिकारियो सहित अधीनस्थ अधिकारियो/कर्मचारियों का भरपूर सहयोग प्राप्त हुआ है, साथ ही कार्यकाल के दौरान वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सरगुजा श्री राजेश कुमार अग्रवाल (भा.पु.से.) के निर्देशन मे शहर मे बेहतर पुलिसिंग के माध्यम से क़ानून व्यवस्था स्थापित किया गया, कार्यकाल के दौरान सभी का लगातार सहयोग प्राप्त होने एवं आगे भी सभी का निरंतर सहयोग प्राप्त होने की आशा की गई, कार्यक्रम मे सभी पुलिस अधिकारियो/कर्मचारियों द्वारा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री रोहित कुमार शाह कों पुष्प गुच्छ देकर सम्मानित किया गया साथ ही मोमेंटो देकर आगामी सेवाओं के लिए शुभकामनायें प्रदान की गई।

विदाई एवं सम्मान समारोह के दौरान अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री अमोलक सिंह ढिल्लों, अनुविभागीय अधिकारी पुलिस श्री राजेंद्र मंडावी,उप पुलिस अधीक्षक कुमारी चंद्राकर,रक्षित निरीक्षक तृप्ति सिंह राजपूत, थाना प्रभारी कोतवाली निरीक्षक मनीष सिंह परिहार, मुख्य लिपिक निरीक्षक (एम) अजय गुहा, थाना प्रभारी गांधीनगर निरीक्षक गौरव पाण्डेय, उप निरीक्षक (एम) अभय सिंह, सहायक उप निरीक्षक संजय श्रीवास्तव सहित पुलिस अधिकारी/कर्मचारी उपस्थित रहे।

टैंकर की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत,साथी गंभीर

- संवाददाता -
अंबिकापुर,15 जून 2025 (घटती-घटना)।

लुण्ड्रा थाना क्षेत्र के ग्राम सिलसिला भूट्टा बाजार के पास टैंकर ने बाइक सवार को टक्कर मार दी। दुर्घटना में बाइक सवार युवक की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि उसका साथी गंभीर रूप से घायल हो गया है। जिसका इलाज मेडिकल कॉलेज अस्पताल अंबिकापुर में चल रहा है।

जानकारी के अनुसार संदीप टोप्पो रघुनापुर का रहने वाला था। इसका छोटा भाई सिकंदर टोप्पो ने पुलिस को बताया है कि संदीप राजमिस्त्री का काम करता था। राजमिस्त्री के काम से 14 जून की सुबह संदीप अपने बाइक क्रमांक सीजी 14 एमएल 1125 से अपने साथी अरविन्द लकड़ा के साथ अंबिकापुर गया था। यहां से दोनों वापस लौट रहे थे। सुबह करीब 9 बेजे ग्राम सिलसिला भूट्टा बाजार के पास बतौली की ओर से आ रहे टैंकर क्रमांक डब्ल्यूबी 78-6866 ने बाइक को टक्कर मार दी। दुर्घटना में बाइक चला रहा संदीप की मौके पर ही मौत हो गई वहीं अरविन्द गंभीर रूप से घायल हो गया। जिसे इलाज के लिए मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

सर्पदंश से किशोर की मौत

- संवाददाता -
अंबिकापुर,15 जून 2025 (घटती-घटना)।

सर्पदंश से एक किशोर की मौत इलाज के दौरान मिशन अस्पताल में हो गई। जानकारी के अनुसार आदेश कुजूर पिता टीजू राम कुजूर उम्र 14 वर्ष ग्राम घुटरापारा बांकीपुर थाना कोतवाली का रहने वाला था। वह 12 सितंबर की रात को घर में सोया था। रात करीब 1.30 बजे पानी पीने के लिए उठा और दरवाजा खोलने गया तो वहां करैत सांप था। वह इसकी जानकारी परिजन को दी। परिजन ने डंडे से सांप को मार दिया। इसके बाद सभी सो गए। दूसरे दिन सुबह किशोर के शरीर में दर्द व उल्टी होने लगी। परिजन उसे इलाज के लिए मिशन अस्पताल में भर्ती कराया। यहां डॉक्टर ने बीमारी का पता लगाने किशोर का सीटी स्कैन कराया तो सिर में सांप काटे जाने की पुष्टी हुई। यहां उपचार के दौरान शनिवार की देर रात उसकी मौत हो गई।

HSRP नंबर प्लेट हेतु आयोजित शिविर मे 186 से अधिक पुलिस अधिकारी/कर्मचारी एवं उनके परिवार हुए लाभान्वित

- » वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सरगुजा के दिशा निर्देशन मे पुलिस वेलफेयर अंतर्गत शिविर का किया गया था आयोजन...
- » सरगुजा पुलिस द्वारा आयोजित शिविर से मीडिया के साथीगण भी हुए लाभान्वित...
- » कार्यक्रम मे जिला बल, छत्तीसगढ़ सशस्त्र बल, एंटी करप्शन ब्यूरो,विशेष शाखा,नगर सेना, कार्यालयींन अधिकारी/कर्मचारी एवं उनके परिवार शिविर से हुए लाभान्वित...

- संवाददाता -
अंबिकापुर,15 जून 2025 (घटती-घटना)।

राज्य शासन द्वारा 01 अप्रैल 2019 के पूर्व पंजीकृत सभी श्रेणी के मोटर वाहनों पर हाई सिक्योरिटी रजिस्ट्रेशन प्लेट (एचएसआरपी) लगाना अनिवार्य किया गया है, इसी तारतम्य मे जिले के पुलिसकर्मियों एवं उनके परिवारों के वाहनों मे HSRP नंबर प्लेट लगवाने हेतु शिविर की पहल करते हुए वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सरगुजा श्री राजेश कुमार अग्रवाल (भा.पु.से.) के दिशा निर्देशन मे पुलिस वेलफेयर से शासन की योजनाओं के अंतर्गत HSRP नंबर प्लेट लगवाने हेतु एक दिवसीय शिविर का सुव्यवस्थित सकारात्मक आयोजन कराये जाने के दिशा निर्देश दिए गए थे,इसी क्रम मे आज दिनांक कों रक्षित केन्द्र अम्बिकापुर स्थित परेड ग्राउंड मे शिविर का आयोजन किया गया।

उपरोक्त शिविर से सुबह से ही पुलिस अधिकारी/कर्मचारी एवं उनके परिवार के सदस्य भारी संख्या मे उपस्थित हो रहे थे, शिविर के दौरान कुल 186 से अधिक पुलिस अधिकारी/कर्मचारी एवं उनके परिवारो ने शिविर अंतर्गत अपने वाहनो के लिए HSRP नंबर प्लेट लगवाने हेतु एक दिवसीय शिविर मे पंजीयन कराया गया, शिविर में आवेदित वाहनों का नंबर प्लेट अगले दिन ही फिटमेंट भी किया जायगा,शिविर मे जिला बल, छत्तीसगढ़ सशस्त्र बल, एंटी करप्शन ब्यूरो, विशेष शाखा,नगर सेना, कार्यालयींन अधिकारी/कर्मचारी एवं उनके परिवार लाभान्वित हुए है।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सरगुजा ने समस्त वाहन स्वामियों से अपील की है कि वे शासन के निर्देशों के अनुरूप अनिवार्य रूप से हाई सिक्योरिटी रजिस्ट्रेशन प्लेट लगवाएं तथा अपने दस्तावेजों को अद्यतन कराते हुए समय पर आवेदन पूर्ण करें ताकि भविष्य में किसी भी प्रकार की परेशानी से बचा जा सके। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सरगुजा के अनुरोध पर शिविर मे मीडिया के सम्मानित साथीगण भी शामिल होकर उक्त शिविर से लाभान्वित हुए है।

शिविर के दौरान रक्षित निरीक्षक तृप्ति सिंह राजपूत,सहायक उप निरीक्षक मनोज सिंह, आशीष मिश्रा सहायक प्रोग्रामर,विष्णु भास्कर, कुलदीप सिंह, अविनाश कुमार एक्का, अंकित राज मिंज,अनमोल, सुखी राम एवं पुलिस लाइन के अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

सोलर पंप चोरी के मामले मे 02 आरोपियों के विरुद्ध की गई अग्रिम वैधानिक कार्यवाही

» थाना दरिमा पुलिस टीम द्वारा मामले मे आरोपियों के विरुद्ध की गई सख्त वैधानिक कार्यवाही...

» आरोपियों के कब्जे से चोरी किया गया सोलर पंप कीमती लगभग 15000/- रुपये किया गया बरामद...

» चोरी के मामलो मे पुलिस टीम द्वारा की जा रही लगातार सख्त कार्यवाही...

- संवाददाता -
अंबिकापुर,15 जून 2025 (घटती-घटना)।

मामले का संछिप्त विवरण इस प्रकार हैं कि प्रार्थी शम्भू यादव साकिन नवनागर थाना दरिमा द्वारा दिनांक 13/06/25 कों थाना दरिमा आकर रिपोर्ट दर्ज कराया कि प्रार्थी अपने घर के सामने सोलर पम्प लगवाया था कि दिनांक 07/06/25 के रात मे प्रार्थी एवं उसका परिवार खाना पीना खाकर सो गये कि दिनांक 08/06/25 कों प्रार्थी सुबह उठकर देखा तो प्रार्थी के सोलर पम्प कीमती लगभग 15000/- रुपये कों कोई अज्ञात चोर चोरी कर ले गया था, मामले मे प्रार्थी की रिपोर्ट पर थाना दरिमा मे अपराध क्रमांक 80/25 धारा 303(2), 3(5) बी. एन. एस. का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना मे लिया गया।

दौरान विवेचना पुलिस टीम द्वारा मामले के आरोपियों का पता तलाश किया जा रहा था, दौरान पता तलाश पुलिस टीम कों जरिये मुखबीर सूचना मिला कि जीत कुमार बडा एव रामभरोस यादव उक्त सोलर पम्प कों चोरी कर जीत कुमार बडा के घर में छिपा कर रखे है, सूचना पर पुलिस टीम द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुए ग्राम कुम्हरता के रामभरोस यादव एवं जीत कुमार बड़ा कों पकड़कर पूछताछ करने पर आरोपियों द्वारा अपना नाम (01)जीत कुमार बडा आत्मज टूमू बडा उम्र 25 वर्ष साकिन कुम्हरता थाना दरिमा (02) रामभरोष यादव आत्मज जय यादव उम्र 22 वर्ष साकिन नावानगर थाना दरिमा का होना बताये, आरोपियों से घटना के सम्बन्ध मे पूछताछ किये जाने पर आरोपियों द्वारा सोलर पम्प को चोरी करना और जीत कुमार बड़ा के घर में छिपा कर रखना स्वीकार किया गया, पुलिस टीम द्वारा आरोपियों के निशानदेही पर चोरी किया गया सोलर पम्प कुल कीमती लगभग 15000/- रुपये बरामद किया गया है, आरोपियों के विरुद्ध अग्रिम वैधानिक कार्यवाही की जा रही है।

सम्पूर्ण कार्यवाही के थाना प्रभारी दरिमा निरीक्षक भरतलाल साहू, प्रधान आरक्षक नारायण चौधरी, आरक्षक अकलेश यादव, टिकेश्वर सिंह, श्यामलाल सक्रिय रहे।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी की गारंटी से छत्तीसगढ़ में हर क्षेत्र में हो रहा तेजी से विकास:डबल इंजन सरकार ने नक्सलवाद पर लगाया ब्रेक,विकास को दी रफ्तार:अनुराग सिंह देव

» 11 वर्षों के ऐतिहासिक कार्यकाल ने देश को समृद्धि और खुशहाली की ओर किया अग्रसर

- संवाददाता -
सूरजपुर,15 जून 2025 (घटती-घटना)।

संकल्प से सिद्धि कार्यक्रम विकसित भारत का अमृतकाल में प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी की नेतृत्व में केन्द्र सरकार के 11 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में जिला भाजपा कार्यालय अटल कुंज मे प्रेसवार्ता आयोजित की गई। प्रेसवार्ता को सम्बोधित करते हुए अध्यक्ष छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मंडल व प्रदेश प्रवक्ता अनुराग सिंह देव ने कहा कि हमारे यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के 11 वर्ष का कार्यकाल अनेक मायनों में ऐतिहासिक रहा है। उनके दूरदर्शिता पूर्ण नेतृत्व में देश ने समावेशी विकास, समृद्धि और खुशहाली के नये दौर में कदम रखा है। मोदी जी के नेतृत्व वाली सरकार का हर दिन अंत्योदय की साधना को समर्पित रहा है। सबका साथ-सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास की भावना के साथ समाज के सभी वर्ग विकास के रास्ते पर तेजी से आगे बढ़ रहे हैं। उनके कार्यकाल में देश और दुनिया में भारत का गौरव बढ़ा है। छत्तीसगढ़ ने डबल इंजन की सरकार में चौतरफा विकास के नये आयाम गढ़े हैं। चाहे विकास की बात हो या माओवादी आतंक से निपटने की, केन्द्र सरकार के राज्य सरकार को भरपूर समर्थन और सहयोग मिला।श्री सिंह देव ने कहा की प्रधानमंत्री मोदी जी ने काश्मीर मे चिनाब नदी पर बने सबसे बड़े रेलवे पुल से काश्मीर को देश के अन्य हिस्से से जोडकर ऐतिहासिक काम किया है। उन्होंने कहा कि जनसंघ व भाजपा स्थापना काल में संस्थापक सदस्यों ने जो संकल्प लिया था आज वह सारे संकल्प मोदी जी के नेतृत्व में सिद्ध हो रहे हैं।उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ में डबल इंजन की सरकार बनते ही किसान भाइयों से की गई मोदी जी की गारंटी भी साकार हुई। हमने बकाया बोनस देने के साथ 3100 रुपए प्रति क्विंटल और 21 क्विंटल प्रति एकड़ के मान से धान की खरीदी की गई है। पिछले साल छत्तीसगढ़ में रिकार्ड 149 लाख मीट्रिक टन धान की खरीदी हुई। इन 11 सालों में देश में जो बड़ा बदलाव आया है, उससे छत्तीसगढ़ सहित देश के प्रत्येक नागरिक का जीवन स्तर बेहतर हुआ है। पीएम आवास के जरिए गरीब परिवारों के घर का सपना पूरा हुआ। छत्तीसगढ़ में हमने सरकार गठन के दूसरे दिन ही पहली कैबिनेट में 18 लाख पीएम आवास को मंजूरी देकर मोदी जी के वायदे को पूरा किया है। प्रदेश में 26 लाख से अधिक पीएम आवास मंजूर किए जा चुके हैं। इनमें से 15 लाख 38 हजार आवास बन चुके हैं। उन्होंने कहा कि 5 लाख 62 हजार भूमिहीन किसानों को भी हर साल 10-10 हजार रुपए की राशि हमारी राज्य सरकार दे रही है। किसान भाइयों के खाते में अब तक एक लाख करोड़ रुपए की राशि प्रेषित कर चुके हैं। डेढ़ साल पहले विधानसभा चुनावों में मोदी जी ने महतारी वंदन योजना के रूप में हर महीने एक-एक हजार रुपए माताओं-बहनों को देने की गारंटी दी थी। हमने यह वादा तीसरे महीने ही पूरा कर दिया और करीब 70 लाख माताओं-बहनों को हर महीने यह राशि दे रहे हैं। श्री सिंहदेव ने कहा कि छत्तीसगढ़ में हमारी सरकार ने मोदीजी की अधिकांश बड़ी गारंटियों को पूरा कर कीर्तिमान स्थापित किया है, निसंदेह इसका श्रेय भी मोदीजी को है, जिनकी गारंटी पर जनता ने भरोसा कर हमें सेवा का अवसर दिया। आंतरिक सुरक्षा की सबसे बड़ी चुनौती माओवादी आतंक के खात्मे का मोदी जी और अमित शाह जी का संकल्प भी सिद्ध हो रहा है। छत्तीसगढ़ में बीते डेढ़ साल में 425 माओवादियों को न्यूट्रलाइज किया गया है। 1388 माओवादी आत्मसमर्पण कर चुके हैं और 1443 को गिरफ्तार किया गया है। नक्सल विरोधी अभियान में हमारे जवानों ने बसवराजू और सुधाकर जैसे बड़े नक्सलियों को न्यूट्रलाइज कर माओवाद की रीढ़ तोड़ दी है।उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री जी किसानों की आमदनी दुगुनी करने के लिए लगातार प्रयास कर रहे हैं। छोटे और सीमांत किसानों को प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के तहत हर साल छह हजार रुपए की राशि दी जा रही है। छत्तीसगढ़ में 26 लाख किसान भाइयों को इस योजना का लाभ मिल रहा है। प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के रूप में किसानों को सुरक्षा कवर प्रदान किया। हमने तेंदूपत्ता संग्राहकों का संग्रहण पारिश्रमिक 4 हजार से बढ़ाकर साढ़े पांच हजार रुपए कर दिया। इस तरह मोदी जी की एक और गारंटी को हमने पूरा किया। हर घर स्वच्छ जल पहुंचाने के लिए माननीय प्रधानमंत्री जी के विजन पर आधारित जल जीवन मिशन के लिए अब तक छत्तीसगढ़ को केन्द्र से 6,178.33 करोड़ रूपए मिले है

श्री सिंह देव ने बताया की भाजपा सरकार ने भ्रष्टाचार के रास्ते बंद करने का काम किया है। कोयले के परिवहन की परमिट व्यवस्था को ऑनलाईन कर दिया है। इससे कोयला परिवहन में होने वाली धांधली रूकेगी तथा राजस्व का नुकसान कम होगा। आबकारी विभाग से जुड़ी लाइसेंस प्रक्रियाओं को ऑनलाईन किया है। प्रदेश में जेम पोर्टल के जरिए ही सरकारी विभागों में खरीददारी का नियम अनिवार्य रूप से लागू किया गया है। मोदी जी ने छत्तीसगढ़ में विधानसभा चुनावों के पूर्व युवाओं से पीएससी घोटाले के आरोपियों पर कार्रवाई का वायदा किया था। हम इस घोटाले की सीबीआई जांच कराकर इस परीक्षा को पारदर्शी बनाने के लिए कई कदम उठाए गए। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में भारत ने चौतरफा प्रगति की नयी कहानी लिखी है। ऐसी-ऐसी उपलब्धि हासिल की गयी है जिसकी इससे पहले कल्पना भी नहीं थी। श्री राम जन्मभूमि मंदिर निर्माण,अनुच्छेद 370 को निष्प्रभावी किया जाना आदि दर्जनों उपलब्धियों का वर्णन इतिहास करेगा उन्होंने कहा कि नक्सलवाद पर मोदी सरकार की जीरो टॉलरेंस नीति से बस्तर में तरक्की का नया सूर्योदय देखने को मिल रहा है। जहां कभी बंदूक की गोलियां गूंजती थी, वहां बस्तर पंडुम और बस्तर ओलंपिक जैसे आयोजन विकास के प्रति लोगों की उम्मीद को जाहिर करते हैं। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में देश पिछले 11 वर्षो में विरासत के साथ विकास की यात्रा पर आगे बढ़ा है। अयोध्या में भगवान राम के भव्य मंदिर निर्माण के साथ महाकुंभ-2025 का अभूतपूर्व आयोजन भारतीय सनातन संस्कृति का जयघोष है। मोदी जी की सरकार ने केंद्रीय करों में राज्य का हिस्सा 32 प्रतिशत से बढ़ा कर 42 प्रतिशत किया, जिससे छत्तीसगढ़ में राजस्व में अब तक कुल 62 हजार 509 करोड़ राशि की वृद्धि हुई है।श्री सिंहदेव ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के विकसित भारत के लक्ष्य को साकार करने के लिए छत्तीसगढ़ भी अहम भूमिका निभाएगा। इसके लिए हमने विजन डॉक्यूमेंट भी बनाया है। हम सब मोदी जी के नेतृत्व में एक ऐसा भारत बनाने जा रहे हैं, जहां प्रत्येक भारतवासी की विकास की आकांक्षा पूरी होगी।

प्रेस वार्ता में भाजपा जिलाध्यक्ष मुरली मनोहर सोनी,कैबिनेट मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े, विधायक भूलन सिंह, विधायक शकुन्तला पोर्ते,पूर्व विधायक रजनी त्रिपाठी, प्रदेश मंत्री परमेश्वरी राजवाड़े, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य भीमसेन अग्रवाल,निवृतमान जिलाध्यक्ष बाबूलाल अग्रवाल,पूर्व जिलाध्यक्ष अजय गोयल,रामकृपाल साहू, राजेश अग्रवाल,जिला मिडिया प्रभारी शशि तिवारी,शशिकांत गर्ग,संदीप अग्रवाल,राजेश्वर तिवारी,अजय अग्रवाल अरविंद मिश्रा मौजूद रहे।

कुसमी में हुई झमाझम बारिश लोगो को गर्मी से मिली थोड़ी राहत

कुसमी, 15 जून 2025 (घटती-घटना)। पिछले कुछ दिनों से बारिश नहीं होने से कुसमी क्षेत्र के लोगों को गर्मी से काफी परेशानी हो रही थी,वहीं रविवार के दिन कुसमी सहित आसपास के क्षेत्रों में झमाझम बारिश होने से किसानों के साथ आम लोगों को थोड़ी राहत मिली है, एक ओर फसलों को लेकर यहां के किसान बारिश के होने का इंतजार कर रहें थे, तो वहीं दुसरी ओर इस क्षेत्र के लोग पड़ रहे गर्मी से काफी परेशान थे ,वहीं कुसमी सामरी पाठ क्षेत्र की बात की जाएं तो अभी के समय धान मक्का आलु सहित कई तरह की खेती किसान करते है लेकिन ज्यादातर किसान धान मक्का और आलु की खेती ज्यादा मात्रा में करते है,और किसानों की आय का प्रमुख साधन भी यह खेती मानी जाती है,वहीं पिछले कई दिनों से बारिश नहीं होने से इस क्षेत्र में काफी गर्मी पड़ रही थी , किसान भी बारिश को लेकर चिंता जाहिर कर रहे थे लेकिन हुई बारिश से एक तरफ किसान तो खुश हुए, तो वहीं दुसरी और इस क्षेत्र में निवास करने वाले लोगों को भी गर्मी से थोड़ी राहत मिली है,

इंस्टाग्राम पर अश्लील फोटो पोस्ट करने वाले 1 आरोपी को थाना प्रतापपुर पुलिस ने किया गिरफ्तार

- संवाददाता -
सूरजपुर,15 जून 2025 (घटती-घटना)।

चौकी रेवटी क्षेत्र अन्तर्गत एक व्यक्ति ने थाना प्रतापपुर में रिपोर्ट दर्ज कराया कि दिनांक 03.03.2025 को इंस्टाग्राम आईडी को देखा तो उसमें अज्ञात मोबाईल धारक के द्वारा इसकी पत्नी व पुत्री का फोटो लगाकर अश्लील गाना व शब्द लिखकर पोस्ट किया गया है। प्रार्थी की रिपोर्ट पर अज्ञात आरोपी के विरूद्ध धारा 67(ए) आईटी एक्ट व पास्को एक्ट की धारा 12 के तहत मामला पंजीबद्ध किया गया।

डीआईजी व एसएसपी सूरजपुर श्री प्रशांत कुमार ठाकुर ने प्रकरण के आरोपी की पतासाजी कर जल्द पकड़ने के निर्देश दिए। थाना प्रतापपुर पुलिस ने मामले की गंभीरतापूर्वक विवेचना कर नई तकनीकी मदद ली एवं इंस्टाग्राम आईडी की जानकारी हासिल किया जिसके आधार पर आरोपी मेहराब खान उम्र 47 वर्ष निवासी सूरजपुर को पकड़ा। पूछताछ पर उसने जुर्म स्वीकार किया जिसके निशानदेही पर घटना में प्रयुक्त मोबाईल जप्त कर आरोपी को गिरफ्तार किया गया। पकड़े गए आरोपी के विरूद्ध पूर्व में थाना चंदौरा में आईटी एक्ट के 2 मामले में चालान हो चुका है। कार्यवाही अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संतोष महतो व एसडीओपी प्रतापपुर सौरभ उईके के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी प्रतापपुर अमित कौशिक महिला प्रधान आरक्षक सरिता टोप्पो व आरक्षक अवधेश कुशवाहा सक्रिय रहे।

सूरजपुर पुलिस का मवेशी तस्करों पर कड़ा प्रहार

» 90 हजार रूपये कीमत के 3 रास भैंसा सहित 2 गिरफ्तार

- संवाददाता -
सूरजपुर, 15 जून 2025 (घटती-घटना)।

डीआईजी व एसएसपी श्री प्रशांत कुमार ठाकुर ने अवैध कार्यो पर पूर्णतः अंकुश लगाने और ऐसे कृत्य में शामील लोगों के विरूद्ध सख्त कार्यवाही करने के निर्देश पुलिस अधिकारियों को दिए है। निर्देश के परिपालन में पुलिस थानों के द्वारा लगातार कार्यवाही की जा रही है।

दिनांक 15.06.2025 को थाना प्रतापपुर पुलिस को मुखबीर से सूचना मिला कि एक पिकअप वाहन में 3 रास भैंसा लोड़ अम्बिकापुर से झारखण्ड की ओर क्रूरतापूर्वक ले जाया जा रहा है। थाना प्रतापपुर पुलिस ने ग्राम धरमपुर में घेराबंदी कर पिकअप वाहन को रोकवाया गया जिसमें 2 व्यक्ति थे वाहन की तलाशी लेने पर उसमें 3 रास भैसा को ठूसकर क्रूरतापूर्वक परिवहन करते पाया गया। दोनों व्यक्ति से भैसा खरीदी,बिक्री व परिवहन संबंधी दस्तावेज की मांग किए जाने पर कोई भी दस्तावेज प्रस्तुत नहीं किए। पूछताछ पर दोनों ने भैसा को लुण्ड्रा से लोडकर बिक्री करने झारखण्ड जाना बताए। जिनके कब्जे से 3 रास भैंसा कीमत करीब 90 हजार रूपये व परिवहन में प्रयुक्त पिकअप वाहन को जप्त कर पशु क्रूरता अधिनियम की धारा 11(1)(घ) एवं छत्तीसगढ़ कृषक पशु परिरक्षण अधिनियम की धारा 4,6,10 के तहत कार्यवाही कर आरोपी मोहम्मद रमजान पिता पीर मोहम्मद उम्र 28 वर्ष व मोहम्मद हुसैन पिता स्व. दिल मोहम्मद उम्र 52 वर्ष दोनों निवासी ग्राम पहिया, थाना चंदौरा को गिरफ्तार किया है। कार्यवाही अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संतोष महतो व एसडीओपी प्रतापपुर सौरभ उईके के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी प्रतापपुर अमित कौशिक,एएसआई कुसुमकांता लकड़ा,आरक्षक जयप्रकाश पन्ना, सत्य नारायण, निशांत टोप्पो, सैनिक दिलबर सांडिल्य व अजय सक्रिय रहे।

ऑल मीडिया प्रेस एसोसिएशन के सरगुजा संभाग के अध्यक्ष बनाए गए पत्रकार अभिषेक सोनी

- संवाददाता -
बलरामपुर,15 जून 2025 (घटती-घटना)।

बलरामपुर जिले के युवा पत्रकार अभिषेक सोनी को ऑल मीडिया प्रेस एसोसिएशन के सरगुजा संभाग अध्यक्ष के रूप में नियुक्त किया गया है। अभिषेक सोनी बलरामपुर और सरगुजा जिले में सिटी रिपोर्टर के तौर पर कार्यरत हैं। यह नियुक्ति संस्था के राष्ट्रीय अध्यक्ष मुकेश कुमार कुशवाहा द्वारा की गई, जो कि संस्था के विस्तार और पत्रकार हितों की रक्षा के उद्देश्य से की जा रही प्रमुख नियुक्तियों में से एक है।

राष्ट्रीय अध्यक्ष मुकेश कुमार कुशवाहा ने कहा,अभिषेक सोनी पत्रकारिता के क्षेत्र में न केवल सजग और निष्पक्ष भूमिका निभा रहे हैं,बल्कि सामाजिक सरोकारों में भी

» प्रदेश अध्यक्ष राजा राम यादव के अनुशंसा से राष्ट्रीय अध्यक्ष मुकेश कुमार कुशवाहा ने जारी किया नियुक्ति पत्र

» युवा पत्रकार अभिषेक सोनी को ऑल मीडिया प्रेस एसोसिएशन के सरगुजा संभाग अध्यक्ष की मिली बड़ी जिम्मेदारी

» सक्रिय पत्रकारिता और सामाजिक योगदान के लिए संस्था ने सौंपा महत्वपूर्ण दायित्व

निरंतर सक्रिय हैं। हमें विश्वास है कि वे संस्था को नई ऊंचाइयों पर ले जाने का हरसंभव प्रयास करेंगे।

ऑल मीडिया प्रेस एसोसिएशन एक राष्ट्रीय संस्था है. जो भारत सरकार के नीति आयोग से पंजीकृत संस्था है।जो प्रिंट, इलेक्ट्रॉनिक और सोशल मीडिया के क्षेत्र में कार्यरत पत्रकारों एवं सामाजिक कार्यकर्ताओं को एक साझा मंच प्रदान करता है। यह संस्था पत्रकारों की रचनात्मक अभिव्यक्ति को बढ़ावा देने वाले पत्रकारों. के द्वार समाचार,लेख, कविताएँ और सामाजिक कार्य करने वाले पत्रकारों के विपरीत परिस्थितियों में उनके हितों की आवाज बनताआरहा है। संस्था का मुख्य उद्देश्य पत्रकारों को संगठित एवं सशक्त बनाना, उनके कल्याण के लिए निरंतर कार्य करना तथा सामाजिक सरोकारों में योगदान

देना है। यह मंच न केवल पत्रकारिता को प्रोत्साहन देता है, बल्कि सामाजिक जागरूकता और जनहित के कार्यों में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है।

पत्रकार सुरक्षा और संगठन विस्तार पर रहेगा फोकस

नवनियुक्त संभागीय अध्यक्ष को निर्देशित किया गया है कि वे संभाग के सभी जिलों और विकासखंडों में संगठन की कार्यकारिणी का गठन करें एवं पत्रकारों की सुरक्षा, एकजुटता, कल्याण तथा पत्रकार सुरक्षा कानून की मांग को लेकर अभियान चलाएं। संगठन का उद्देश्य पत्रकारों को संगठित कर उनके हितों की रक्षा सुनिश्चित करना है।

ईमानदारी और निष्पक्षता से करेंगे दायित्वों का निर्वहनः अभिषेक सोनी

अपनी नियुक्ति पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए अभिषेक सोनी ने कहा,यह पद मेरे लिए गौरव और जिम्मेदारी दोनों है। मैं संगठन के प्रति आभार प्रकट करता हूं साथ ही मेरे पिता जो एक पत्रकार हैं और मेरे गुरू भी उनका भी कोटि कोटि आभार।और विश्वास दिलाता हूं कि अपने दायित्वों का निर्वहन पूरी निष्ठा, ईमानदारी और निष्पक्षता के साथ करूंगा।

उन्होंने यह भी कहा कि पत्रकारों के अधिकारों, सुरक्षा और सम्मान के लिए हर स्तर पर आवाज उठाई जाएगी। उन्होंने सभी पत्रकार साथियों से सहयोग की अपील की।

अभिषेक सोनी को चाहने वाले पत्रकार जगत में हर्ष व्यापत है, फोन पर बधाइयां मिल रही है

अभिषेक सोनी की नियुक्ति पर सरगुजा संभाग सहित पूरे प्रदेश में अभिषेक सोनी को चाहने वाले पत्रकारों, सामाजिक संगठनों और शुभचिंतकों में हर्ष और है। कई वरिष्ठ पत्रकारों, समाजसेवियों और संगठनों ने उन्हें फोन, सोशल मीडिया एवं प्रत्यक्ष रूप से शुभकामनाएं दीं जा रही है और उज्ज्वल कार्यकाल की कामना की जा रही है।

जशपुर में अधेड़ ने किया मासूम के साथ रेप,गिरफ्तार

- संवाददाता -
जशपुर,15 जून 2025 (घटती-घटना)।

जिले से समाज को शर्मसार कर देने वाला मामला सामने आया है। यहां एक 50 वर्षीय व्यक्ति ने अपनी डेढ़ साल की मासूम रिश्तेदार के साथ दुष्कर्म की घिनौनी वारदात को अंजाम दिया। मामले में कार्रवाई करते हुए पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। यह मामला बगीचा थाना क्षेत्र का है।

बगीचा पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, डेढ़ साल की बच्ची को उसके पिता ने अपने ही रिश्तेदार को गोद में देकर शौचालय चला गया,जिसके बाद बच्ची की रोने की आवाज आई। जब तक उसके पिता शौचालय से निकले, तब तक हैवान दुष्कर्म की घटना को अंजाम देकर मौके से फरार हो गया था। बच्ची के पिता ने देखा कि बच्ची के गुप्तांग से खून निकल रहा था, तब बच्ची को लेकर बगीचा थाना पहुंचे और मामले की शिकायत की। मामले में त्वरित कार्रवाई करते हुए पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। फिलहाल, पुलिस आरोपी से पूछताछ कर रही है और मामले की कार्रवाई में जुटी हुई है। बताया जा रहा है कि आरोपी आदतन बदमाश है और कई बार जेल जा चुका है।

मोदी सरकार के 11 सालों के कार्यकाल ऐतिहासिक है:रामसेवक पैकरा

बैकुण्ठपुर संकल्प से सिद्धि कार्यक्रम के तहत प्रोफेशनल्स मीट एवं प्रदर्शनीय कार्यक्रम सांस्कृतिक भवन में संपन्न हुआ...

-संवाददाता-
बैकुण्ठपुर,15 जून 2025
(घटती-घटना)।

संकल्प से सिद्धि कार्यक्रम के तहत प्रोफेशनल्स मीट एवं प्रदर्शनीय कार्यक्रम सांस्कृतिक भवन में संपन्न हुआ। इस अवसर पर अतिथियों ने भारत माता, पं.दीनदयाल उपाध्यक्ष एवं डॉ.श्यामा प्रसाद मुखर्जी जी के छायाचित्र परं द्वीप प्रज्जवलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया।

कार्यक्रम में प्रमुख रूप से वन विकास निगम के अध्यक्ष रामसेवक पैकरा, विधायक रेणुका सिंह, वक्ता नरेन्द्र सोनी, जिलाध्यक्ष देवेन्द्र तिवारी, निवर्तमान जिलाध्यक्ष कृष्णबिहारी जायसवाल, जिला उपाध्यक्ष शैलेष शिवहरे, राजेश सिंह, जिला महामंत्री पंकज गुप्ता, विनोद साहू, जिला मंत्री बसंत राय, जिला सह मीडिया प्रभारी तीरथ राजवाड़े, जिला पंचायत उपाध्यक्ष वंदना राजवाड़े, नगर पालिका अध्यक्ष नविता शिवहरे, अरूण जायसवाल, नगर पंचायत अध्यक्ष गायत्री सिंह, जिला पंचायत सदस्य शिव कुमारी सोनपाकर, जनपद अध्यक्ष आशादेवी सोनपाकर, पूर्व नपाध्यक्ष कुन्ती चक्रधारी, नगर पंचायत उपाध्यक्ष गौरव अग्रवाल, अमित श्रीवास्तव उपस्थित रहें।

सरकार की उपलब्धियों और निर्णयों ने साफ कर दिया भारत आज एक नई दिशा में बढ़...

रहा- वक्ता नरेन्द्र सोनी ने कहा कि,प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में सरकार की उपलब्धियों और निर्णयों ने यह साफ कर दिया है कि भारत आज एक नई दिशा में, नए आत्मविश्वास और नए संकल्प के साथ आगे बढ़ रहा है, सशक्त भारत-सुरक्षित भारत अग केवल एक विचार नहीं, बल्कि मोदी सरकार की नीति, नीयत और नेतृत्व का ठोस और जीवंत प्रमाण बन चुका है।

मोदी के नेतृत्व वाली सरकार का हर दिन अंत्योदय की साधना को समर्पित रहा है...

पूर्व जिलाध्यक्ष कृष्णबिहारी जायसवाल ने कहा कि,मोदी के नेतृत्व वाली सरकार का हर दिन अंत्योदय की साधना को समर्पित रहा है, सबका साथ-सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास की भावना के साथ समाज के सभी वर्ग विकास के रास्ते पर तेजी से आगे बढ़ रहे हैं। उनके कार्यकाल में देश और दुनिया में भारत का गौरव बढ़ा है। छत्तीसगढ़ ने डबल इंजन की सरकार में चौतरफा विकास के नये आयाम गढ़े हैं। चाहे विकास की बात हो या माओवादी आतंक से निपटने की,केन्द्र सरकार के राज्य सरकार को भरपूर समर्थन और सहयोग मिला है।

ये रहे उपस्थित...

बैठक में पूर्व मंडल अध्यक्ष कपिल जायसवाल, धीरेन्द्र साहू, मंडल अध्यक्ष अनिल खटिक, मैनेजर राजवाडे, किशोर सिरदार, रामलखन यादव, संजय चिकनजूरी, राजाराम राजवाड़े, किशोर सिरदार, दीपा विश्वकर्मा, शारदा गुप्ता, मुन्ना चक्रधारी, सचिन गुप्ता, मनोज साहू, सुरेश राजवाड़े, रमन गुप्ता,सचिदानंद द्विदेवी, दीपक जायसवाल, सतेन्द्र राजवाड़े, रामेश तिवारी, सत्यम साहू, सुरेश सिरदार, दिनेश यादव, हितेश प्रताप सिंह, रवि त्रिपाठी, राकेश पैकरा, सुशीला साहू, सुरेश सिरदार, दिनेश साहू, मुन्ना चक्रधारी, संगीता गुप्ता, रीता यादव, रामसुंदर राजवाड़े, राजेश सोनी, टिंकू, मनीषा देवांगन, छत्रपाल राजवाड़े, अशोक यादव, संतोष सिंह, ललिता यादव, गणेश यादव, जगदीश साहू, प्रवीण साहू, रमेश तिवारी, लक्ष्मी राजवाड़े,सुभाष जायसवाल, दिनेश चक्रधारी, उर्मिला देवी, चन्द्रकली राजवाड़े, सुमित राजवाड़े, संतोष राजवाड़े, दीपक जायसवाल, प्रदीप तिवारी, छत्रपाल राजवाड़े, संतोष सिंह, गणेश यादव, रेखा वर्मा, मीरा सोनी, उर्मिला देवी, राज कुमारी राजवाड़े, सुरेन्द्र चक्रधारी, पुष्पा राजवाड़े सहित भारी संख्या में कार्यकर्तागण उपस्थित रहें।

डबल इंजन की सरकार में छत्तीसगढ़ का तेजी से विकास

जिलाध्यक्ष देवेन्द्र तिवारी ने कहा कि,डबल इंजन की सरकार में छत्तीसगढ़ में तेजी से विकास कार्य हो रहे हैं,सरकार ने छत्तीसगढ़ नक्सलवाद मुक्त अभियान की दिशा कठोर कदम उठाया है आज बस्तर में विकास को नई रफ्तार दी है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी के 11 सालों का कार्यकाल कई मायनों में ऐतिहासिक है। उनके दूरदर्शिता पूर्ण नेतृत्व में देश ने समावेशी विकास, समृद्धि और खुशहाली के नये दौर में कदम रखा है। उन्होंने कहा क, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में भारत ने चौतरफा प्रगति की नयी कहानी लिखी है, ऐसी-ऐसी उपलब्धि हासिल की गयी है जिसकी इससे पहले कल्पना भी नहीं थी, श्रीराम जन्मभूमि मंदिर निर्माण, अनुच्छेद 370 को निष्प्रभावी किया जाना आदि दर्जनों उपलब्धियों का वर्णन इतिहास करेगा।

हमारा देश आज शक्तिशाली भारत बनाना है...

वन विकास निगम के अध्यक्ष रामसेवक पैकरा ने कहा कि,प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में अमृत काल में देश हर क्षेत्र, शिक्षा, स्वास्थ्य, किसान , टेकनोलॉजी और पर्यावरण में लगातार प्रगति कर रहा है,हमारा लक्ष्य केवल आर्थिक विकास नहीं, बल्कि एक शक्तिशाली भारत बनाना है जो विश्व मंच पर मजबूती से अपनी आवाज बुलंद करेंगा। यह अमृत काल महिला सशक्ति करण का युग है, उज्जवला और मुद्रा योजनाओं से माताओं-बहनों को असली ताकत मिली है, मोदी जी ने महिलाओं को राष्ट की शक्ति माना है, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि,जल जीवन मिशन और प्रधानमंत्री आवास योजनाओं से सरकार का फोकस अंतिम व्यक्ति तक है। उन्होंने कहा कि, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शिक्षा,स्वास्थ्य मजबूती राष्ट्रीय नीतियां, बेहतर प्रशासन, पारदर्शिता और डिजिटल इंडिया को प्राथमिकता दी है, डिजिटल इंडिया के माध्यम से गांव-शहर तक तकनीक पहुची है, जिससे नवाचार और युवा उद्यमिता को बढ़ावा मिला है।

व्यापार को नई उड़ान मिली,डिजिटल इंडिया ने नए भारत की नींव को मजबूत किया

विधायक रेणुका सिंह ने कहा कि,मोदी सरकार के पिछले 11 वर्षों में जहां नारी शक्ति विकास की परिधि से निकलकर केन्द्र में आई है, मध्यम वर्ग को रोजमर्रा की जिंदगी में सम्मान मिला है और साहसिक सुधारों ने व्यापार को नई उड़ान दी है वहीं डिजिटल इंडिया ने नए भारत की नींव को मजबूत किया है,आज प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत रक्षा निर्यात 34 गुना बढ़कर 23,622 करोड़ तक पहुंच गया है साथ ही स्वदेशी हेलीकॉप्टर प्रचंड मिसाइल सिस्टम आकाश और ब्रम्होस का इस्तेमाल कर सेना ने अपने दुश्मनों को तबाह कर दिया,मोदी जी के साहस और दरदर्शी विजन के चलते ही भारतीय सशस्त्र बलों के ऑपरेशन सिंदूर (7 मई 2025) में पीओके और पाकिस्तानी धरती पर 9 आतंकवादी कैंप और 11 एयर बेस ताबह किए गए। पिछले कांग्रेस सरकार के शासनकाल में देश ने वो भयावह दिन देखे है जब एक के बाद एक आतंकी हमले होते थे,और सरकार हाथ पर हाथ धरे बैठी रहती थी, मुम्बई 26/11 हमला हो, पुणे की जर्मन बेकरी,दिल्ली हाईकोट या हैदराबाद का दिलसुखनगर हर जगह लहूलुहान भारत, और दिल्ली का सत्ता में बैठी कांग्रेस सरकार सिर्फ शोक संदेश भेजती थी,वर्तमान समय में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की सरकार में भारत की नीति में एक ऐतिहासिक बदलाव आया है अब भारत सुनता नहीं है, अब सीधा जवाब देता है, भारत की सैन्य ताकत और राजनीतिक इच्छाशक्ति को दुनिया के सामने रखा है। भाजपा की सरकार ने सिद्ध कर दिया है कि,आतंक के खिलाफ सिर्फ बाते नहीं, ठोस कदम भी उठाए जाते है, अब भारत डरता नही है अब भारत डटकर जवाब देता है।

'पोषण भी पढ़ाई भी' अभियान के तहत भटगांव और भैयाथान में तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम संपन्न

-संवाददाता-
सूरजपुर,15 जून 2025 (घटती-घटना)।

कलेक्टर श्री एस जयवर्धन के निर्देशन में पोषण भी पढ़ाई भी अभियान के अंतर्गत एकीकृत बाल विकास परियोजना भैयाथान के नगर पंचायत भटगांव में और भैयाथान के मंगल भवन में 12 जून से 14 जून तक तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में विभिन्न गतिविधियों का आयोजन कर प्रशिक्षण दिया गया । इसमें आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को विभागीय योजनाओं की जानकारी, उनके क्रियान्वयन में सुधार तथा शाला पूर्व शिक्षा को अधिक प्रभावशाली बनाने के संबंध में प्रशिक्षण प्रदान किया गया। भैयाथान कार्यक्रम में समन्वयक विनोद ने रजिस्टर, ब्रोशर की एंट्री एवं अनुश्रवण प्रक्रिया तथा पोषण ट्रैकर के उपयोग की जानकारी दी। परियोजना अधिकारी श्री इमरान द्वारा पोषण ट्रैकर पर विशेष प्रशिक्षण व समीक्षा सत्र आयोजित किया गया। यूनिसेफ रायपुर से आए विशेषज्ञ श्री रविन्द्र यादव ने 3 से 6 वर्ष के बच्चों के लिए शाला पूर्व शिक्षा को अधिक प्रभावी बनाने हेतु प्रशिक्षण प्रदान किया। साथ ही पर्यवेक्षकों द्वारा प्रशिक्षण के दौरान विभिन्न शैक्षणिक एवं व्यवहारिक गतिविधियों का आयोजन कर प्रतिभागियों को प्रशिक्षित किया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम में आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को प्रधानमंत्री मातृत्व वंदना योजना एवं पोषण ट्रैकर में बेहतर कार्य के लिए भटगांव में प्रत्येक सेक्टर से एक जबकि भैयाथान में दो उत्कृष्ट कार्यकर्ताओं को प्रमाण-पत्र एवं उपहार देकर सम्मानित किया गया।

11 वां अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर योग सप्ताह का शुभारंभ रंगमंच में

थीम 'एक पृथ्वी' एक स्वास्थ्य के लिए योग,विधायक व कलेक्टर ने किया सामूहिक योग अभ्यास

-सवाददाता-
सूरजपुर,15 जून 2025
(घटती-घटना)।

अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस 2025 के अवसर पर जिले में 15 से 21 जून तक योग सप्ताह मनाया जा रहा है। आज सूरजपुर नगर पालिका रंगमंच प्रांगण में सुबह 7 बजे योग सप्ताह का विधिवत शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर विधायक श्री भूलन सिंह मरावी एवं कलेक्टर श्री एस. जयवर्धन ने योग गुरु के सान्निध्य में योगाभ्यास कर कार्यक्रम की शुरुआत की।

कार्यक्रम में श्री शशिकांत गर्ग,श्री अरविंद मिश्रा,श्री राजेन्द्र प्रसाद पाठक, श्रीमती बेनेदिक्ता तिर्की उपसंचालक समाज कल्याण व अन्य जिला स्तरीय अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे । सभी ने सामूहिक योगाभ्यास कर निरोग जीवन का संदेश दिया।

इस अवसर पर विधायक श्री भूलन सिंह मरावी ने कहा कि योग भारतीय संस्कृति की अमूल्य देन है। यह न केवल शारीरिक बल्कि मानसिक और आत्मिक स्वास्थ्य के लिए भी आवश्यक है। उन्होंने सभी नागरिकों से योग को नियमित जीवनशैली में अपनाने का आह्वान किया। कलेक्टर श्री एस. जयवर्धन ने कहा कि योग न केवल रोगों से लड़ने की शक्ति देता है, बल्कि यह जीवन में अनुशासन,संतुलन और सकारात्मक ऊर्जा लाता है। उन्होंने योग सप्ताह कार्यक्रम के सम्बंध में प्रकाश डालते हुए बताया कि आज से 21 जून तक योग सप्ताह मनाया जा रहा है,जिसे सफल बनाने के लिए उन्होंने आमजन से कार्यक्रम मे उनकी सहभागिता प्रस्तुत करने की अपील की। उन्होंने आम नागरिकों को भी अपने स्तर पर योग का कार्यक्रम आयोजित करने का आह्वान किया है ताकि योग जन-जन तक पहुंच सके। योग सप्ताह के दौरान जिले के समस्त विकासखंडों, पंचायतों, स्कूलों,कॉलेजों और विभिन्न शैक्षणिक एवं तकनीकी संस्थानों में सामूहिक योग कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। उल्लेखनीय है कि संयुक्त राष्ट्र महासभा द्वारा वर्ष 2015 में 21 जून को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस घोषित किया गया था। तब से प्रतिवर्ष विश्वभर में यह दिवस मनाया जा रहा है। इस वर्ष यह दिन एक दशक की उपलब्धि के रूप में विशेष महत्व रखता है।

भारत सरकार द्वारा अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस 2025 के लिए थीम एक पृथ्वी एक स्वास्थ्य के लिए योग निर्धारित की गई है। यह विषय वैश्विक स्वास्थ्य,पर्यावरण संतुलन और जीवनशैली सुधार की दिशा में योग की भूमिका को रेखांकित करता है।

साहू गली वार्ड 05 सूरजपुर में वोल्टेज समस्या निवारण हेतु एक अतिरिक्त ट्रांसफार्मर किया गया स्थापित

-संवाददाता-
सूरजपुर,15 जून 2025 (घटती-घटना)।

साहू गली वार्ड क्रमांक 05 सूरजपुर की विद्युत आपूर्ति वर्तमान में जिस ट्रांसफार्मर से संचालित की जा रही है वहां से अंतिम छोर में होने के कारण वोल्टेज की समस्या इस वार्ड में बनी रहती थी जिसे स्थानीय जनप्रतिनिधि एवं वार्ड वासी के सहयोग से एक अतिरिक्त ट्रांसफार्मर,आरडीएसएस योजना के माध्यम से स्थापित कर सफलतापूर्वक चार्ज कर दिया गया है इससे इस वार्ड की विद्युत सप्लाई में सुधार एवं लो-वोल्टेज की समस्या ठीक हो जायेगी। सूरजपुर शहर में यह ट्रांसफार्मर लोड सेंटर में ना होने के कारण, एल0टी0 लाइन की लंबाई अधिक एवं लोड अधिक होने के कारण लो-वोल्टेज की समस्या बनती है इसके लिए शहर में ऋष्ठस्स् योजना, लो-वोल्टेज समस्या निवारण हेतु योजना 032, एवं 032क्क स्कीम से ट्रांसफार्मर लगाने की पहल विभाग की ओर से की जा रही है जिसके लिए विभाग को वार्डवासी/ जनप्रतिनिधियों का सहयोग जरुरी है ताकि बिना अवरोध के लाइन विस्तार का कार्य कर, अतरिक्त ट्रांसफार्मर का स्थापना कर शहर में वोल्टेज की समस्या का सामाधान किया जा सके।

रैंक सेरेमनी मे एनसीसी कैडेट्स को मिले रैंक

-संवाददाता-
कोरबा,15 जून 2025
(घटती-घटना)।

कोरबा जिले में स्थित के.एन. कॉलेज में रैंक सेरेमनी आयोजित की गई। इस अवसर पर,प्राचार्य डॉ. प्रशांत बोपापुरकर के मार्गदर्शन में एनसीसी कैडेट्स को उनके प्रदर्शन के आधार पर रैंक से नवाजा गया। कॉलेज की एनसीसी प्रभारी लेफ्टिनेंट अनिता यादव ने बताया कि इस अवसर पर, छात्रा निकिता साहू को सीनियर अंडर ऑफिसर का रैंक लगाकर सम्मानित किया गया। इसके अलावा, जूनियर अंडर ऑफिसर का तमगा आकाश चंद्रा को दिया गया। सेकेंड जूनियर अंडर ऑफिसर का रैंक खुशी कर्ष को मिला, जबकि कंपनी क्वार्टर मास्टर का रैंक शीतल राजपूत को दिया गया। सार्जेंट का रैंक बॉबी श्रीवास, शंकर निर्मलकर और शीतल निर्मलकर को मिला। इसके अलावा, कार्पोरल का रैंक राहुल विश्वकर्मा को दिया गया,जबकि लांस कार्पोरल का रैंक आस्था राजपूत को मिला। इस अवसर पर के.एन. कॉलेज के प्राचार्य डॉ. प्रशांत बोपापुरकर ने एनसीसी कैडेट्स को उनके प्रदर्शन के लिए बधाई दी और उन्हें भविष्य में भी अच्छा प्रदर्शन करने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर, लेफ्टिनेंट अनिता यादव ने कहा कि एनसीसी कैडेट्स को रैंक देने का उद्देश्य उन्हें उनके प्रदर्शन के लिए प्रेरित करना और उन्हें भविष्य में भी अच्छा प्रदर्शन करने के लिए प्रोत्साहित करना है। उन्होंने कहा कि एनसीसी कैडेट्स को रैंक देने से उन्हें अपने लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए प्रेरित किया जा सकता है। इस अवसर पर के.एन. कॉलेज के छात्रों और अध्यापकों ने भी भाग लिया और एनसीसी कैडेट्स को उनके प्रदर्शन के लिए बधाई दी। के.एन. कॉलेज के प्राचार्य डॉ. प्रशांत बोपापुरकर ने कहा कि के.एन. कॉलेज में एनसीसी कैडेट्स को रैंक देने की परंपरा को आगे बढ़ाने के लिए हम प्रतिबद्ध हैं।

जयसिंह अग्रवाल ने ग्रामवासियों की परेशानियों को अवगत कराने लिखा पत्र

-संवाददाता-
कोरबा,15 जून 2025
(घटती-घटना)।

एस.ई.सी.एल. कोरबा मानिकपुर विस्तार परियोजना से प्रभावित ग्राम भिलाईखुर्द के किसानों व युवाओं ने पूर्व मंत्री श्री जय सिंह अग्रवाल से व्यक्तिगत मुलाकत कर एस.ई.सी.एल. मानिकपुर कोरबा खदान प्रबंधन द्वारा छलपूर्वक ग्रामवासियों को विस्थापित किए जाने के संबंध में अपनी बात रखते हुए कहा कि जब तक एस.ई.सी.एल. प्रबंधन नियमानुसार उनके लिए सुविधाएं उपलब्ध नहीं करा देता है उन सब को वहां से विस्थापित होने के लिए मजबूर न किया जाए। जिस पर ग्रामवासियों की समस्याओं को गंभीरता से लेते हुए पूर्व मंत्री जयसिंह अग्रवाल ने कोयला मंत्री जी किशन रेड्डी को पत्र लिखते हुए कहा है कि जब तक पुनर्व्यवस्थापन नियमानुसार एस.ई.सी.एल. प्रबंधन द्वारा ग्रामवासियों के हित में आवश्यक समस्त सुविधाए विकसित नहीं करवा दी जाती है उन्हें उनके मूल स्थान से न हटाया जाए। पत्र में यह भी लिखा गया है कि इसके लिए कोयला मंत्री द्वारा मानवीय आधार पर संबंधित अधिकारियों को तत्काल स्पष्ट निर्देश जारी करने चाहिए। उन्होंने पत्र मे आगे लिखा है के कोरबा मानिकपुर खदान विस्तार परियोजना अन्तर्गत प्रभावित होने वाले लगभग 250 ग्रामवासियों की सूची (जिसमें दादर खुर्द एवं भिलाई खुर्द, ढ़ेलवाडीह और रापाखर्रा के निवासी शामिल हैं) तैयार की गई थी जिनमें से लगभग 100 लोगों ने मुआवजे की प्रथम किस्त के तौर पर राशि प्राप्त किया था। शेष 150 लोगों को आज तक किसी भी रूप में न तो मुआवजे की राशि का भुगतान किया गया और न ही जिन 100 लोगों ने मुआवजे की राशि की प्रथम किस्त प्राप्त किया था उन्हें शेष राशि का भुगतान जारी किया गया। पत्र में यह भी उल्लेख है कि उक्त क्षेत्र मात्र 30 साल के लिए लीज पर लिया गया था जिसके लिए ग्रामवासियों को भ्रमित किया गया है। जयसिंह अग्रवाल ने पूर्व में प्रेषित पत्र में हवाला देते हुए लिखा है कि, खदान विस्तार परियोजना से प्रभावित होने वाले ग्राम भिलाईखुर्द के निवासियों को उनके स्थान से विस्थापित होने के लिए तब तक मजबूर न किया जाए, जब तक कि पुर्नव्यवस्थापन नियमानुसार उन्हें बसाहट आदि के लिए उचित स्थान और बसाहट क्षेत्र में यथोचित सड़क,पानी,बिजली,स्वास्थ्य,पर्यावरण संरक्षण की दृष्टि से आवश्यक विकास कार्यों के अलावा बच्चों की शिक्षा और योग्तानुसार प्रभावित परिवारों से युवाओं को रोजगार प्रदान करने की व्यवस्था एस.ई.सी.एल. द्वारा उपलब्ध नहीं करवा दी जाती है। साथ ही पत्र में यह भी लिखा गया है कि कोरबा मानिकपुर खदान में पदस्थ महाप्रबंधक जे. इकम्बरम् और सी.जी.एम. कोरबा राजेश कुमार गुप्ता, दोनों ही अधिकारी स्वयं को विशेष अधिकार प्राप्त अधिकारी बताते हैं कोयला मंत्रालय का बहुत खास व्यक्ति के रूप में स्वयं को प्रचारित करते हैं। उनका यह भी कहना है कि उनका कोई कुछ नहीं बिगाड़ सकता है। जे. इकम्बरम विशेषकर स्वयं कहते हैं कि उनकी पोस्टिंग किसी भी स्थान पर छः महीने से अधिक के लिए नहीं होती है और यह कि उनको कोरबा में इसी कार्य के लिए पदस्थ किया गया है।

चेरवापारा ग्राम बना जिला पंचायत कोरिया के लिए भ्रष्टाचार का चारागाह ?

क्या जब तक जिला पंचायत कोरिया में सहायक संचालक रितु रहेंगी तब तक वहां ग्राम पंचायत को मोहरा बनाकर भ्रष्टाचार होता रहेगा ? डीपीआरसी भवन के बगल में कर्मचारी व अधिकारी के लिए तीन क्वार्टर बन रहे हैं पर यह क्वार्टर टेंडर पर न देकर पंचायत को एजेंसी बनाया गया है...

जहां पर भी जिला पंचायत का काम होगा वहां पर अरविंद सोनी ही तकनीकी सहायक इंजीनियर की भूमिका निभाएंगे ?

क्या पूरे जिले में एक ही संविदा तकनीकी सहायक है जो सभी निर्माण कार्यों का मूल्यांकन करेगा ?

एक तकनीकी सहायक के ऊपर आदिवासी विभाग,प्रधानमंत्री आवास सहित जिला पंचायत के निर्माण कार्यों की जिम्मेदारी ?

ढाई लाख के आवास निर्माण का काम देखने वाले तकनीकी सहायक लाखों का निर्माण कर देख रहे हैं कैसे ?

क्वार्टर का निर्माण हो रहा है एक साथ पर ग्राम पंचायत को एजेंसी बनाने 18 लाख 14 लाख का अलग-अलग काम दिखाया जा रहा है 15 वां वित्त भी इसमें शामिल हुआ राज्य शासन के आदेशों की भी उड़ रही है धज्जियां...विभागीय काम की है मनाही फिर भी टेंडर प्रक्रिया को नजर अंदाज कर भी विभागीय काम बांटना चाहते अपने चहेते ठेकेदार को...

-रवि सिंह-

कोरिया,15 जून 2025 (घटती-घटना)।

कोरिया जिले का एक ऐसा ग्राम पंचायत जिसकी धरती पर कलेक्टर कार्यालय व जिला पंचायत कार्यालय संचालित है,यह ग्राम पंचायत जिला पंचायत कार्यालय के अधिकारियों के लिए भ्रष्टाचार का चारागाह बना हुआ है,जमकर यहां पर भ्रष्टाचार निर्माण कार्यों में हो रहा है जिस चीज की आवश्यकता नहीं है उसके लिए भी लाखों का निर्माण कार्य करके पैसे का बंदरबाट कर लिया गया है,अपने चाहते ठेकेदार को बाहर से बुलाकर ऐसे ऐसे काम कराए गए हैं जो देखकर यह साफ दिख रहा है यह सारे काम सिर्फ अवैध पैसा कमाई के लिए हुए हैं,ग्राम पंचायत को सिर्फ निर्माण एजेंसी ही बनाया जाता है ताकि ना तो सरपंच ना ही सचिव किसी को भी इससे कोई लाभ हो रहा है, सिर्फ लाभ हो रहा है तो उन्हें जिन्हें यह काम दिया जाता है और जिन्हें यह काम दिया जाता है, यह सभी अधिकारी के चाहते होते हैं और वह इन कामों के लिए अधिकारी को मनचाहा प्रोत्साहन राशि देते हैं, जिससे उन्हें लाभ हो रहा है जिला पंचायत में पदस्थ संचालक रितु साहू का नाम काफी सुर्खियों में है उन्हीं के टेबल से यह सारे असंवैधानिक निर्माण कार्यों की फाइल आगे बढ़ रही है और भुगतान हो रहे हैं, पर कोई भी बोलने वाला या देखने वाला या जांच करने वाला नहीं है, ऐसा इकलौता ग्राम पंचायत है जो साल में कई करोड़ का निर्माण कार्य सिर्फ इस 2 साल में कर लिया है और सिर्फ नाम के लिए वह केवल एजेंसी रहे हैं, बाकी काम अधिकारियों के पसंदीदा ठेकेदार ही किए हैं और सरपंच सचिव सिर्फ उन्हें भुगतान करने का काम किए है अब यह सारे राज परत दर परत खुल रहे हैं, जो भी काम जिला पंचायत अपने लाभ के लिए करवा रही है उन सभी के मूल्यांकनकर्ता इंजीनियर भी उनके चहेते यानी कि तकनीकी सहायक अरविंद्र सोनी ही होते हैं ऐसा लग रहा है कि अरविंद्र सोनी से योग्य कोई इंजीनियर है ही नहीं, वैसे सूत्रों का कहना है कि अरविंद्र सोनी को इसलिए मौका दिया जाता है क्योंकि वह मनचाहा पैसा अधिकारी को लाकर देते हैं। इन सभी मामलों की बारीकी से जांच होगी तब इसका पर्दाफाश हो जाएगा पर जांच करने वाले भी उतने ही ईमानदार होने चाहिए।

अरविंद्र सोनी पर ही इतनी मेहरबानी क्यों ?

जिला पंचायत कोरिया केवल एक तकनीकी सहायक पर ज्यादा मेहरबान है जिसका नाम आज जिले की सुर्खी है,नाम है अरविंद सोनी,यह अधिकारियों का इतना चहेता है कि यह आज कोरिया जिले का ऐसा इंजीनियर है जो संविदा पद पर रहते हुए सबसे ज्यादा कमाई कर रहा,सूत्रों का दावा है कि यह आज धनाढ्य बन चुका है भ्रष्टाचार के बल पर।

आखिर क्यों नहीं निकाला जा रहा है निविदा ग्राम पंचायत को क्यों बनाया जा रहा है मोहरा ?

कोरिया जिले के जिला संयुक्त कार्यालय अंतर्गत आने वाले ग्राम पंचायत चेरवापारा आज जिले का ऐसा ग्राम पंचायत है जहां निर्माण कार्यों की बाढ़ सी आई हुई है,इस पंचायत में करोड़ों के काम पंचायत मद से हो रहे हैं। ऐसा क्यों हो रहा है यह बड़ा सवाल है।जिले के अन्य ग्राम पंचायतों को इतनी स्वीकृति नहीं मिलती जितनी यहां प्राप्त हो रही है,वैसे इस ग्राम पंचायत में बड़े बड़े काम जो निविदा प्रकिया से कराए जाने चाहिए वह पंचायत को एजेंसी बनाकर किया जा रहा है और ऐसा क्यों किया जा रहा है यह समझा जा सकता है,वैसे बड़े कामों को कई भागों में बांटकर काम किया जा रहा है यह भी बताया जा रहा है।वैसे इस सवाल में ही जवाब है कि ऐसा केवल भ्रष्टाचार के लिए किया जाता है।

क्या ग्राम पंचायत को एजेंसी बनाकर अधिकारियों ने अपनी जेब भरने का नायाब तरीका निकाल लिया है ?

वैसे सवाल यह भी है कि क्या ग्राम पंचायत चेरवापारा अधिकारियों के लिए चारागाह बन चुका है जहां वह खुलकर भ्रष्टाचार कर पा रहे हैं। ग्राम पंचायत को एजेंसी बनाकर अधिकारी वहां अपने लोगों को काम बांट रहे हैं, इस एकमात्र ग्राम पंचायत की स्थिति यह है कि यह जिले का सबसे भ्रष्ट ग्राम पंचायत साबित हो जाएगा यदि गंभीरता से जांच हुई और इस भ्रष्टाचार में सचिव सरपंच की जगह अधिकारी भ्रष्टाचार में संलिप्त मिलेंगे जो जांच से सामने आ सकेगा।

ग्राम पंचायत को एजेंसी बनाकर आखिर चहेते ठेकेदार से ही क्यों करवाया जा रहा है काम ?

वैसे ग्राम पंचायत चेरवापारा ऐसा ग्राम पंचायत बन चुका है कोरिया जिले का जो जिले का सबसे सुर्खियों में बना रहने वाला ग्राम पंचायत है।इस पंचायत में निर्माण कार्य केवल चहेते ठेकेदार संपादित करते चले आ रहे हैं जिन्हें अधिकारियों का संरक्षण प्राप्त है। इस पंचायत के निर्माण कार्यों का संपादन जबकि स्वयं ग्राम पंचायत को करना चाहिए जैसा नहीं हो रहा है और बाहर के ठेकेदार बिना निविदा इस ग्राम पंचायत के ठेकेदार हैं। इस पंचायत के निर्माण कार्यों में अधिकारियों द्वारा नया नियम लागू किया गया है जो किसी भी निर्माण कार्य को कई भागों में बांटकर दिखाने का नियम है जिससे कोई भी काम निविदा योग्य न बच सके। ऐसा क्यों हो रहा है यह बड़ा सवाल है।

AAYUSH ENTERPRISES
MIG-75, HUDCO COLONY, R P NAGAR, PHASE-2, KORBA, CHHATTISGARH-495677
Email Id: op.choubey@gmail.com, Contact: 9993755544
GST No: 22CLWPK9185K1Z7

Dated:

To,
The Office of Gram Pancha[redacted]
Block: Baikunthpur, District: KOREA, Chhattisgarh

Subject: Quotation for Supply of Segregator Bin & Safety Equipment.

Dear Sir,

We with reference to the subject matter cited above, we are hereby submitting the offer for Quotation of Segregator Bin & Safety Equipment. The quotation for the same is mentioned hereunder:

Sr No.	Particulars	Amount (Rs.)
01	• Stainless Steel segregator bin (40*3 ltr capacity)- 01Nos • Safety equipment (industrial 4s safety shoes- 01pair, Garbage collection hand gloves- 01pair, Plastic pan- 01Nos, Washable Cotton Nose mask- 01Nos, Eyewear- 01Nos, Loader Helmet- 01Nos, Reflective jacket- 01Nos, Broom- 01nos, Shovel- 01Nos)	24,650.00 (Twenty-four Thousand Six Hundred Fifty only)

Note: - Above prices are including with all taxes.

Bank Details: - AAYUSH ENTERPRISES (INDIAN BANK)
A/C NO. 50171860785, IFSC CODE: IDIB000K794

Thanking You,
M/S AAYUSH ENTERPRISES

इंजीनियर की डिग्री तो है पर नियुक्ति तकनीकी सहायक में है और नियम विरुद्ध तरीके से देख रहे हैं कई विभाग के निर्माण कार्य

जिला पंचायत के लिए एक तकनीकी सहायक खास बना हुआ है जिसकी नियुक्ति तकनीकी सहायक पद पर है लेकिन वह नियम विरुद्ध तरीके से कई विभागों का काम देख रहा है,आज बेरोजगारी के इस जमाने में जहां कई इंजीनियर बेरोजगार हैं वहीं एक ऐसा भी है जिसके पास विभागों की लड़ी है, अब ऐसा क्यों है यह समझा जा सकता है, ऐसा इसलिए सम्भव बताया जा रहा है क्योंकि वह इतना विश्वासपात्र हो चुका है कि उसे किनारे करना अब अधिकारियों के लिए भी मुसीबत मोल लेने की बात, वह हटाए जाने पर पोलपट्टी खोलेगा यह भय भी है अधिकारियों को वहीं वह खास भी है अधिकारियों का।

जिला पंचायत के पीछे बन रहा भवन भ्रष्टाचार का नया मामला

सूत्रों का कहना है कि जिला पंचायत के पीछे कहीं पर कुछ निर्माण कार्य चल रहे हैं जो भवन निर्माण के कार्य हैं जिन्हें कई भागों में बांटकर निर्मित किया जा रहा है जिससे निर्माण कार्य का टेंडर न निकालना पड़े और काम पंचायत को एजेंसी बनाकर अपने चहेते ठेकेदार से करा लिया जाए कमीशन प्राप्त मुंहमांगी कर ली जाए,यह विषय भी जांच का है ऐसा सूत्रों का दावा है।

कीट सप्लाई का मामला ठंडे बस्ते में,सहायक संचालक ने बांटे थे कीट जबरन भुगतान का था दबाव पंचायतों पर...

एक लगभग 50 हजार के कीट सप्लाई का भी मामला है कोरिया जिले के जिला पंचायत के भ्रष्टाचार मामले से जुड़ा हुआ जिसमें शिकायत हुई थी सहायक संचालक पंचायत का नाम सामने आया था और जांच ठंडे बस्ते में डाल दी गई थी। उक्त किट भी अपने खास को उपकृत करने और अपनी जेब भरने का माध्यम बना था अधिकारियों के लिए जिसमे जबरन पंचायतों पर किट सप्लायर को भुगतान करने का निर्देश था।

नाले पर बनाया जा रहा है भवन,रिटर्निंग वाल के नाम पर भी हुआ है भ्रष्टाचार

जिला पंचायत के अधिकारियों द्वारा चेरवापारा ग्राम पंचायत के माध्यम से वैसे तो कई भ्रष्टाचार किए जा रहे हैं जिसमें कई अधिकारियों इंजीनियर की मिलीभगत है लेकिन हालिया भ्रष्टाचार का मामला जो है वह जिला पंचायत के पीछे कृषि उपज मंडी के बगल गली में बन रहे शासकीय आवास का है जिसमें भी भ्रष्टाचार हो रहा है और इसके लिए भी एजेंसी ग्राम पंचायत को बनाया गया है वहीं काम अधिकारियों के चहेते ठेकेदार कर रहे हैं, निविदा निकालकर कराए जाने वाले निर्माण कार्य को बांटकर किया जा रहा है और यह भवन नाले में किया जा रहा है जिसके लिए नाले को पाटा भी गया है वहीं इसके लिए 15 लाख की लागत से रिटर्निंग वाल भी बनाया गया है। कुलमिलाकर जिला पंचायत के अधिकारियों ने चेरवापारा ग्राम पंचायत को लूटने का अजीब तरीका निकाल लिया है और लगातार पंचायत में निर्माण कार्य हो रहे हैं जिसमें पंचायत की भागीदारी शून्य है वहीं अधिकारियों के चहेते लाभ कमा रहे हैं।

भवन निर्माण में गुणवत्ता की भी कमी,निर्माण सामग्री घटिया किस्म की उपयोग हो रही है...

ग्राम चेरवापारा जिसे जिला पंचायत के अधिकारियों द्वारा भ्रष्टाचार का चारागाह बना दिया गया है में वर्तमान में भी भ्रष्टाचार जारी है, अब भवन निर्माण के नाम पर भ्रष्टाचार हो रहा है,भवन जो निविदा के माध्यम से बनना था उसे ग्राम पंचायत को एजेंसी बनाकर बनाया जा रहा है जिसमें अधिकारियों के चहेते निर्माण कार्य कर रहे हैं और उनके द्वारा घटिया निर्माण सामग्री का उपयोग किया जा रहा है, गिट्टी अमानक है, रेत भी बगल के नाले का ही निकालकर उपयोग किया जा रहा है वहीं छड़ सहित सीमेंट का भी मामला गैर गुणवत्तापूर्ण वाला है। कुल मिलाकर निर्माण कार्य करने वाला अधिकारियों का चहेता है और जानता है कि सैया भए कोतवाल तो डर काहे का।

सहायक संचालक रितु साहू का केबिन भी ग्राम पंचायत चेरवापारा निधि से भव्य बनाया गया सूत्र,भ्रष्टाचार से बना है केबिनःसूत्र

सूत्रों का कहना है कि जिला पंचायत की सहायक संचालक का भव्य केबिन ग्राम पंचायत चेरवापारा की निधि से बनाया गया है। इसके लिए भी ग्राम पंचायत को भ्रष्टाचार के माध्यम से लुटा गया है,जो निधि या राशि ग्राम पंचायत के विकास के लिए उपयोग की जानी थी उसे केवल लुटा गया है और जेबें भरी गई है वहीं अपने चहेतों को उपकृत किया गया है।

संपूर्ण भारत के लिए एक प्रकाशन
घटती घटना
खेल एवं मनोरंजन समाचार
अम्बिकापुर,सोमवार 16 जून 2025

संक्षिप्त खेल की खबरें

प्रणति नायक ने एशियाई जिम्नास्टिक चैंपियनशिप में वॉल्ट में कांस्य पदक जीता

नई दिल्ली,15 जून 2025। भारतीय जिमनास्ट प्रणति नायक ने शनिवार को दक्षिण कोरिया के जेचियोन में 12वीं सीनियर महिला एशियाई कलात्मक जिमनास्टिक चैंपियनशिप में वॉल्ट फाइनल में कांस्य पदक जीता। 30 वर्षीय प्रणति नायक ने इससे पहले इस साल मार्च में तुर्की के अंताल्या में एफआईजी विश्व कप में कांस्य पदक जीता था।

21 साल की उम्र में मैंने अक्षत से अधिक प्रतिभाशाली खिलाड़ी नहीं देखा:वेंकटेश अय्यर



ग्वालियर,15 जून 2025। मध्य प्रदेश लीग टी-20 में इंदौर पिंक पैंथर्स के कप्तान वेंकटेश अय्यर ने युवा खिलाड़ी अक्षत रघुवंशी की जमकर तारीफ की। अक्षत ने लीग के पांचवें मैच में जबलपुर रॉयल लायंस पर छह रन की जीत में अहम भूमिका निभाई थी। अक्षत ने 46 गेंदों पर सात चौकों और पांच छक्कों की मदद से 76 रनों की शानदार पारी खेली। उसके बाद कप्तान ने उनकी काफी तारीफ की। 76 रनों की शानदार पारी की बदौलत इंदौर ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में 7 विकेट खोकर 183 रन बनाए। बल्लेबाज अर्पित गौड़ के जल्दी आउट होने के बाद अक्षत ने पारी को संभाला और कमजोर गेंदों पर खूब रन बनाए

कायरन पोलार्ड ने किया बड़ा कमाल

क्रिकेट में सबसे ज्यादा रन बनाने के मामले में अब विराट कोहली से निकले आगे

बोलिविया,15 जून 2025। अमेरिका में खेले जा रहे मेजर लीग क्रिकेट 2025 में वेस्टइंडीज के दिग्गज ऑलराउंडर कायरन पोलार्ड ने एक बड़ा रिकॉर्ड अपने नाम कर लिया है। वह अब टी-20 क्रिकेट में सबसे ज्यादा रन बनाने के मामले में चौथे नंबर पर पहुंच गए हैं। उन्होंने इस मामले में भारत के दिग्गज बल्लेबाज विराट कोहली को पीछे छोड़ दिया है।

एमएलसी 2025 में कायरन पोलार्ड एमआई न्यूयॉर्क के लिए खेल रहे हैं। इस सीजन उनकी टीम का पहला मैच टेक्सास सुपर किंग्स से हुआ। इस मैच में पोलार्ड ने 16 गेंदों में 32 रन बनाए। इस पारी के दौरान उन्होंने टी-20 क्रिकेट में सबसे ज्यादा रन बनाने के मामले में विराट कोहली को पीछे छोड़ दिया। टी-20 क्रिकेट में पोलार्ड ने अब तक 696 मैचों में 13569 रन बनाए हैं। वहीं विराट के नाम टी-20 क्रिकेट में 13543 रन दर्ज हैं।

टी-20 फॉर्मेट में इस बल्लेबाज ने बनाए हैं सबसे ज्यादा रन

टी-20 क्रिकेट में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाजों की बात करें तो वहां क्रिस गेल का नाम टॉप पर है। उन्होंने 463 मैचों में 14562 रन बनाए हैं। दूसरे नंबर पर इंग्लैंड के दिग्गज बल्लेबाज एलेक्स हेल्स हैं, उन्होंने 13704 रन बनाए हैं। 13571 रन के साथ तीसरे नंबर पर शोएब मलिक का नाम है। चौथे और पांचवें नंबर पर क्रमशः पोलार्ड और विराट कोहली का नाम है।

टी-20 क्रिकेट मे सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाज

क्रिस गेल- 14562 रन (463 मैच)
एलेक्स हेल्स- 13704 रन (497 मैच)
शोएब मलिक- 13571 रन (557 मैच)
कायरन पोलार्ड- 13569 रन (696 मैच)
विराट कोहली- 13543 रन (414 मैच)

कायरन पोलार्ड ने दुनियाभर में जितने भी टी-20 लीग खेले जाते हैं वह उनमें खेलते हुए दिखते हैं। वहीं विराट ने टी-20 इंटरनेशनल से पहले ही संन्यास ले लिया है। वह अब टी-20 फॉर्मेट के नाम पर सिर्फ आईपीएल में खेलते हैं। अगर पोलार्ड अगले मैच में सिर्फ तीन रन बना लेते हैं तो वह टी-20 क्रिकेट में सबसे ज्यादा रन बनाने के मामले में शोएब मलिक से आगे निकल जाएंगे।

34 साल में पहली बार वर्ल्ड चैंपियन बना साउथ अफ्रीका

1 फाइनल, 12 सेमीफाइनल गंवाने के बाद इतिहास में दूसरा ही आईसीसी टाइटल जीता

विंबलडन,15 जून 2025। साउथ अफ्रीका की क्रिकेट टीम ने चोकर्स का दाग आखिरकार हटाकर वर्ल्ड चैंपियन का टैग हासिल कर लिया। हटाया भी कैसे, तीनों फॉर्मेट में 8 बार की वर्ल्ड चैंपियन ऑस्ट्रेलिया को होम ऑफ क्रिकेट द लॉर्ड्स में वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप का फाइनल हराकर। कप्तान टेम्बा बावुमा, बैटर ऐडन मार्करम और पेसर कगिसो रबाडा ने ऐतिहासिक जीत की इबारत लिखी।

1991 में 22 साल बैन के बाद क्रिकेट में वापसी करने वाले साउथ अफ्रीका ने इससे पहले तीनों फॉर्मेट के अलग-अलग वर्ल्ड कप में 1 फाइनल और 7 सेमीफाइनल गंवाए थे। डब्ल्यूटीसी से पहले टीम की इकलौती आईसीसी ट्रॉफी भी 1998 में चैंपियंस ट्रॉफी के रूप में आई। इस टूर्नामेंट में भी टीम ने 5 सेमीफाइनल गंवा दिए। 27 साल तक लगातार हार के बाद साउथ अफ्रीका को अब जाकर किसी आईसीसी टूर्नामेंट को जीतने की खुशी मिली। 1970 तक साउथ अफ्रीका की क्रिकेट टीम में सिर्फ श्वेत खिलाड़ियों को मौका मिलता था। साउथ अफ्रीका उन टीमों के खिलाफ कोई मैच नहीं खेलता था जिनमें एक भी अश्वेत खिलाड़ी हो। इसलिए वह भारत, वेस्टइंडीज, पाकिस्तान जैसी टीमों से नहीं खेलता था। साउथ अफ्रीका की रंगभेद नीति का भारत और वेस्टइंडीज ने कड़ा विरोध किया और अफ्रीका पर 22 साल का बैन लग गया। यह बैन 1991 में तय समय से करीब एक साल पहले हटा। इसके बाद साउथ अफ्रीका ने सबसे पहले भारत का ही दौरा किया। 1992 में साउथ अफ्रीका ने पहली बार किसी आईसीसी टूर्नामेंट में हिस्सा लिया। तब ऑस्ट्रेलिया और न्यूजीलैंड की मेजबानी में हुए वनडे वर्ल्ड कप में साउथ अफ्रीका सेमीफाइनल तक पहुंचा। सेमीफाइनल में साउथ अफ्रीका को बारिश के अटपटे नियम की वजह से हार गया।

वनडे वर्ल्ड कप 6 सेमीफाइनल गंवाए, 1 भी फाइनल नहीं

1992 में आईसीसी टूर्नामेंट में अच्छी शुरुआत के बाद 1996 से 2015 तक टीम 6 में 5 बार नॉकआउट राउंड में पहुंची, लेकिन कभी क्वार्टर फाइनल तो कभी सेमीफाइनल हारकर बाहर हो गई। 2003 और 2019 में टीम नॉकआउट राउंड में नहीं पहुंच सकी।

2023 में साउथ अफ्रीका ने फिर कमबैक किया और सेमीफाइनल खेला, लेकिन ऑस्ट्रेलिया से हार गए। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ टीम ने यह वनडे वर्ल्ड कप में तीसरा सेमीफाइनल गंवाया था। इसके अलावा टीम 2 बार न्यूजीलैंड और एक-एक बार वेस्टइंडीज और इंग्लैंड से भी नॉकआउट हारी। टीम ने एकमात्र नॉकआउट मैच 2015 में जीता, तब साउथ अफ्रीका ने क्वार्टर फाइनल में श्रीलंका को हराया था। हालांकि, इस टूर्नामेंट के भी सेमीफाइनल में टीम को हारकर बाहर होना पड़ गया।

बीसीसीआई ने भारतीय घरेलू क्रिकेट ढांचे में बड़े बदलावों का किया ऐलान

मुंबई,15 जून 2025। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने 2025-26 घरेलू सत्र के लिए ढांचे में अहम बदलाव किए हैं और नए सत्र का पूरा कार्यक्रम भी जारी कर दिया है। बीसीसीआई के मुताबिक अब दलीप ट्रॉफी एक बार फिर क्षेत्रीय टीमों के बीच खेली जाएगी, जिनका चयन जोनल चयनकर्ता करेंगे। वहीं, रणजी ट्रॉफी में प्लेट और एलीट ग्रूप से सिर्फ एक-एक टीम को पदोन्नत और अवनत किया जाएगा। यह कदम घरेलू क्रिकेट को और प्रतिस्पर्धी बनाने के लिए उठाया गया है। सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी में अब नॉकआउट की जगह सुपर लीग स्टेज होगा। ग्रूप स्टेज से क्वालीफाई करने वाली 8 टीमें 2 ग्रूप-ए और बी में बांटी जाएंगी। हर ग्रूप में 4 टीमें होंगी और सभी एक-दूसरे से मैच खेलेंगी। दोनों ग्रूप की शीर्ष टीमें सीधे फाइनल खेलेंगी। यही नया प्रारूप सीनियर महिला टी-20 ट्रॉफी में भी लागू होगा।बीसीसीआई का मकसद खिलाड़ियों को ज्यादा मुकाबले खेलने का मौका देना है। विजय हजारे ट्रॉफी, सीनियर महिला वनडे ट्रॉफी और पुरुष अंडर-23 स्टेट-ए ट्रॉफी में अब टीमों को पिछले साल की तरह नहीं बांटा जाएगा। 2024-25 तक इन टूर्नामेंटों में 8-8 टीमों के 3 और 7-7 टीमों के दो ग्रुप होते थे, लेकिन अब से 4 एलीट समूह और एक प्लेट समूह बनाया गया है। टीमों को उनके अंक, जीत और नेट रन रेट जैसे पैमानों पर रैंक करके इन समूहों में रखा गया है।

डेम्पो गोवा चैलेंजर्स पर शानदार वापसी के बाद यू मुंबा फाइनल में पहुंची

अहमदाबाद,15 जून 2025। यू मुंबा टीटी ने शनिवार को इंडियनऑयल अल्टीमेट टेबल टेनिस (यूटीटी) सीजन 6 के दूसरे सेमीफाइनल में मौजूदा चैंपियन डेम्पो गोवा चैलेंजर्स को हराकर शानदार वापसी की। यूटीटी प्रेस रिलीज के अनुसार, 4-7 से पिछड़ने के बाद, यू मुंबा ने अंतिम चार गेम जीतकर 8-7 से जीत हासिल की और ग्रैंड फिनाले में अपना पहला स्थान पक्का किया। गोवा के फाइनल से सिर्फ एक गेम दूर होने और यू मुंबा को आखिरी रबर में क्लीन स्वीप की जरूरत होने के कारण, यशस्विनी घोरपड़े ने मौके का फायदा उठाया और लगातार दो गेम जीतकर निर्णायक गेम 11-10 से अपने नाम किया। यू मुंबा अब रविवार, 15 जून को जयपुर पैट्रियट्स से भिड़ेगी, जिससे यूटीटी चैंपियन सूची में एक नया नाम शामिल हो जाएगा। टेबल टेनिस फेडरेशन ऑफ इंडिया

(टीटीएफआई) के तत्वावधान में आयोजित और नीरज बजाज और वीटा दानी द्वारा प्रवर्तित, यूटीटी एक प्रमुख पेशेवर लीग के रूप में आगे बढ़ रहा है। सभी 23 मुकाबले, 16 एक्शन से भरपूर दिनों में, अहमदाबाद के ईकेए एरिना में हो रहे हैं। हरमीत देसाई ने डेम्पो गोवा चैलेंजर्स को लिलियन बार्डेट पर 3-0 की जीत के साथ एक मजबूत शुरुआत दी, गोल्डन पॉइंट पर तीसरा गेम जीत लिया, जब बार्डेट ने 2-6 से पिछड़ने के बाद वापसी की। लेकिन यू मुंबा टीटी ने बर्नडेट स्ज़ोक्स के माध्यम से वापसी की, जिन्होंने ज़ेंग जियान को इस सीज़न की पहली हार दी। ज़ेंग ने तीसरे गेम को 11-7 से बचाने से पहले स्ज़ोक्स ने पहले दो गेम अपने नाम किए। मिश्रित युगल में, यू मुंबा ने वापसी की, क्योंकि आकाश पाल और स्ज़ोक्स ने 3-6 से पिछड़ने के बाद पहला और तीसरा गेम जीतकर 2-1 से जीत दर्ज की। इस जीत ने गोवा की बढ़त को 5-4 तक सीमित कर दिया, जो कि शेष मैचों में मामूली बढ़त थी। विटोर इशी ने डेम्पो गोवा चैलेंजर्स के लिए लगभग बराबरी हासिल कर ली थी, उन्होंने अभिनंद पीबी के खिलाफ पहले दो गेम में 11-6 और 11-4 के स्कोर के साथ जीत दर्ज की। लेकिन अभिनंद ने यू मुंबा के अभियान को चुपचाप खत्म नहीं होने दिया। तीसरे गेम में 6-9 से पिछड़ने के बाद, उन्होंने लगातार चार अंक लेकर गेम 11-9 से अपने नाम किया, जिससे उनकी टीम फाइनल मैच में बढ़त बनाए रखने में सफल रही।

भारतीय मुक्केबाज निशांत देव ने जोस्यू सिल्वा को हराकर रचा इतिहास

नई दिल्ली,15 जून 2025। भारतीय मुक्केबाज निशांत देव ने पेशेवर सर्किट पर शानदार अभियान जारी रखा है। निशांत ने न्यूयॉर्क के प्रतिष्ठित मैडिसन स्क्वायर गार्डन थिएटर में सुपर वेल्टरवेट वर्ग में मैक्सिको के जोस्यू सिल्वा पर सर्वसम्मत फैसले में हराया। 24 वर्षीय निशांत देव ने छह दौर की प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन किया जिसमें तीनों जज ने उनके पक्ष में 60-54 अंक दिए। भारतीय मुक्केबाज का यह दूसरा पेशेवर मुकाबला था जिसमें उन्होंने दबदबे वाली जीत दर्ज की। यह मुकाबला रिचर्डसन हिचिन्स और जॉर्ज कंबोसोस जूनियर के बीच हुए हाई प्रोफाइल मुकाबले के अंडरकार्ड (मुख्य मुकाबले के साथ होने वाला मुकाबला) के रूप में खेल गया। निशांत नॉकआउट करने में असमर्थ रहे लेकिन उन्होंने मुक्कों के अपने बेहतरीन चयन से प्रभावित किया। जीत के बाद निशांत ने कहा, मैं सिर्फ नॉकआउट के लिए नहीं जाता बल्कि अपने कौशल को बेहतर बनाने की कोशिश करता हूं। मैंने सीखा है कि मुझे रिंग में अच्छा प्रदर्शन करना है और मुकाबला जीतना है। मैं विश्व चैंपियनशिप और ओलंपिक में कई दौर के मुकाबले खेलने का आदी हूं। यह मेरे पेशेवर करियर की शुरुआत है इसलिए मैं अब भी सीख रहा हूं। मैं अगले स्तर तक पहुंचना चाहता हूं।

भारत ने चार पदकों के साथ अभियान समाप्त किया

म्यूनिख,15 जून 2025। भारतीय निशानेबाजों ने आईएएसएफ शूटिंग विश्व कप 2025 अभियान का समापन चार पदकों के साथ किया, जिसमें अर्जुन बाबूता और आर्य बोरसे ने शनिवार को 10 मीटर एयर राइफल स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीता। ओलंपिक डॉट कॉम के अनुसार, भारत के पदक तालिका में दो स्वर्ण और दो कांस्य पदक शामिल हैं, जिससे उन्हें चीन और नॉर्वे के बाद तालिका में तीसरा स्थान हासिल करने में मदद मिली। भारतीय जोड़ी ने 10 मीटर एयर राइफल मिश्रित टीम फाइनल में चीन के वांग जिफेई और शेंग लिहाओ को 17-7 से हराया। लिहाओ वर्तमान में पुरुषों की 10 मीटर एयर राइफल चैंपियन हैं और उन्होंने हुआंग युटिंग के साथ पेरिस ओलंपिक 2024 में मिश्रित टीम स्पर्धा का स्वर्ण पदक जीता है। नॉर्वे की जीनेट हेग ड्यूस्टैड और जॉन-हरमन हेग ने कांस्य पदक के लिए यूएसए के सेगेन मैडालेना और पीटर मैथ्यू फियोरी को 16-14

से हराया। बाबूता और बोरसे ने क्वालीफिकेशन में कुल 635.2 अंक बनाए, जो वांग और लिहाओ से 0.7 अंक पीछे थे, जिन्होंने 635.9 अंक के साथ शीर्ष स्थान हासिल किया। बोरसे ने रुद्राक्ष पाटिल के साथ मिलकर ब्यूनस आयर्स और लीमा में आयोजित विश्व कप स्पर्धाओं में 10 मीटर एयर राइफल मिश्रित टीम का रजत पदक जीता। दो बार की ओलंपियन एलावेनिल वलारिवन और किरण जाधव ने शनिवार को संयुक्त रूप से 631.8 अंक हासिल किए और छठे स्थान पर रहीं और पदक मैच में जगह बनाने से चूक गईं, जो शीर्ष चार समूहों के लिए उपलब्ध विशेषाधिकार है। उल्लेखनीय है कि पिछले साल पेरिस ओलंपिक में दो कांस्य पदक जीतने वाली दोहरी ओलंपिक पदक विजेता मनु भाकर ने आदित्य मालरा के साथ जोड़ी बनाई और क्वालीफायर में छठा स्थान हासिल करने के लिए 577 अंक बनाए। सुरुचि सिंह और वरुण तोमर (576) 10वें स्थान पर रहे। मनु इस सप्ताह की शुरुआत में 10 मीटर एयर पिस्टल और 25 मीटर व्यक्तिगत निशानेबाजी स्पर्धाओं में भी पदक नहीं जीत पाईं।

अक्षय, प्रभास और विष्णु अभिनीत कन्नप्पा का धमाकेदार ट्रेलर हुआ रिलीज

फिल्म कन्नप्पा इस महीने 27 तारीख को रिलीज होने जा रही है और इसका ट्रेलर हाल ही में दर्शकों के सामने आया है। यह फिल्म अभिनेता विष्णु मंचू का ड्रीम प्रोजेक्ट है, जिसे उनके पिता मोहन बाबू ने प्रोड्यूस किया है। इस ऐतिहासिक और धार्मिक पृष्ठभूमि वाली फिल्म में प्रभास, मोहनलाल, अक्षय कुमार, काजल अग्रवाल और शरत कुमार जैसे बड़े कलाकार भी नजर आने वाले हैं। फिल्म का निर्देशन मुकेश कुमार सिंह ने किया है। फिल्म के ट्रेलर को फैंस बहुत पसंद कर रहे हैं और इस पर तरह-तरह के रिएक्शन दे रहे हैं। ट्रेलर में दिखाया गया है कि एक कुंए में एक शिवलिंग (वायु लिंग) है, जिसे कई लोग चुराने की कोशिश करते हैं लेकिन तिन्नाडु यानी विष्णु मंचू, इस वायु लिंग की रक्षा करता है। वह एक खास कड़ा पहनता है, जिससे लिंग को उसके पास से कोई नहीं ले जा सकता। तिन्नाडु उन लोगों को मार देता है जो लिंग चुराने आते हैं और वह वहां के लोगों की भी रक्षा करता है। हालांकि,शुरुआत में तिन्नाडु भगवान में विश्वास नहीं करता। उसके लिए शिवलिंग सिर्फ एक पत्थर है। वो बचपन से यही मानता आया है। लेकिन जब भगवान शिव (अक्षय कुमार) देखते हैं कि तिन्नाडु को भक्ति की राह पर लाना ज़रूरी है, तो वे पृथ्वी पर रूद्र (प्रभास) को भेजते हैं। रूद्र की उपस्थिति से तिन्नाडु में बदलाव आता है। उसे भगवान शिव की शक्ति और भक्ति का महत्व समझ में आता है। वह शिव का भक्त बन जाता है और शिवलिंग से जुड़ जाता है.फिल्म का ट्रेलर भावनाओं से भरा है, एक्शन भी दमदार है और विजुअल्स शानदार हैं। कहा जा रहा है कि फिल्म करीब 200 करोड़ के बजट में बनी है और इसकी भव्यता ट्रेलर में साफ नजर आती है। कन्नप्पा एक ऐतिहासिक गाथा है जो भक्ति, बलिदान और आस्था की मिसाल पेश करती है।

साइंस फिक्शन एक्शन थ्रिलर किलर से हीरोइन ज्योति पूर्वाज का रक्त पिपासा वाला भयंकर लुक सामने आया

निर्देशक पूर्वाज, जो शुक्रा, मातारानी मौनामीदी और ए मास्टरपीस जैसी फिल्मों में अपनी अनूठी कहानी कहने के लिए जाने जाते हैं, अब किलर नामक एक महत्वाकांक्षी विज्ञान-फाई एक्शन थ्रिलर का निर्देशन कर रहे हैं। प्रभावशाली रूप से, पूर्वाज न केवल निर्देशन कर रहे हैं, बल्कि फिल्म में मुख्य भूमिका भी निभा रहे हैं। फिल्म में ज्योति पूर्वाज मुख्य भूमिका में हैं, जबकि विशाल राज, दशरथ, चंदू और गौतम अन्य प्रमुख भूमिकाओं में हैं। किलर का निर्माण थिंक सिनेमा द्वारा मर्ज एक्सआर और एयू एंड आई के सहयोग से किया जा रहा है। यह पूर्वाज, प्रजय कामथ और ए. पद्मनाभ रेड्डी के सहयोग से दूसरी परियोजना है। आज, निर्माताओं ने ज्योति पूर्वाज के किरदार रक्तिका का अनावरण किया। वह एक आकर्षक पिशाच अवतार में चौंका देने वाली लग रही हैं, जो फिल्म के इर्द-गिर्द रहस्य को और बढ़ा रही है। किलर की पहले से जारी झलकियों को पहले ही जबरदस्त प्रतिक्रिया मिल चुकी है। पौराणिक कथाओं, विज्ञान कथाओं और सुपरहीरो तत्वों को मिलाकर, किलर एक मनोरंजक और दृश्यात्मक रूप से समृद्ध सिनेमाई अनुभव होने का वादा करता है। फिल्म वर्तमान में निर्माण के अंतिम चरण में है और जल्द ही रिलीज के लिए तैयार है।



छत्तीसगढ़ में नया शिक्षा सत्र आज से

» क्या 40 डिग्री तापमान में स्कूल जाएंगे बच्चे?

» सेहत पर पड़ेगा असर

» 15 दिन और आगे बढ़ाने की मांग...

रायपुर,15 जून 2025(ए)। छत्तीसगढ़ में 16 जून नए शिक्षा सत्र की शुरुआत होगी। बता दें प्रदेश में मानसून आने के बाद नए शिक्षा सत्र जुलाई से होती रही है,लेकिन इस बार 16 जून से स्कूल खोले जाने के आदेश जारी किए गए हैं। इस संबंध में सभी जिला शिक्षा अधिकारी को स्कूल शिक्षा विभाग से निर्देश जारी किए गए हैं। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने सभी जनप्रतिनिधियों को पत्र लिखकर शाला प्रवेश उत्सव में सक्रिय भागीदारी की अपील की है।

जुलाई की जगह जून माह में नए शिक्षा सत्र की शुरुआत होने से बच्चों के साथ उनके पालक परेशान हो रहे हैं। प्रदेश में ज्यादातर जिलों में तापमान 40 डिग्री के आस पास बना हुआ है। लोग गर्मी और उमस से परेशान हैं। मौसम के उतार चढ़ाव से बच्चों के साथ बड़ें भी बीमार पड़ रहे हैं। पालको का कहना है कि सरकार को बच्चों की सेहत की ओर ध्यान देना चाहिए। बच्चे अगर इतनी गर्मी उमस में स्कूल जाएंगे तो उनके सेहत पर असर होगा।

वहीं नए शिक्षा सत्र 16 जून से शुरु किए जानें के सरकार के फैसले पर कांग्रेस ने भी आपत्ति की है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा है कि, पहले ऐसा लग रहा था बारिश जल्दी आएगी, लेकिन मानसून के जल्दी आने के बावजूद अभी गर्मी और उमस है। बच्चों के सेहत को ध्यान में रखते हुए स्कूल खुलने का समय 15 दिन बढ़ाया जाना चाहिए। बैज ने कहा कि, बारिश नहीं होने के कारण अभी तेज गर्मी और उमस पड़ रही है। इससे कहीं ना कहीं बच्चों के सेहत पर प्रभाव पड़ेगा। इतनी गर्मी और उमस को देखते हुए हम सरकार से मांग करते हैं कि, 15 दिन बाद स्कूल खोले जाएं।

गर्मी को देखते हुए ये रह सकता है स्कूल का समय

बढ़ती गर्मी को ध्यान में रखते हुए राज्य के सभी स्कूलों के संचालन समय में बदलाव किया गया है। अब प्राथमिक, पूर्व माध्यमिक और हायर सेकेंडरी स्कूलों का संचालन सुबह 7 बजे से 11 बजे तक किया जाएगा। वहीं दो पालियों में चलने वाले स्कूलों में हायर सेकेंडरी की कक्षाएं सुबह 11 बजे से दोपहर 3 बजे तक चलेंगी। हालांकि मानसून के आगमन के बाद या परिस्थितियों में बदलाव के अनुसार, समय में पुनः संशोधन किया जा सकता है। आमतौर पर सुबह 9 बजे से दोपहर 2 बजे या 3 बजे तक ज्यादा संभावना है।

छत्तीसगढ़ के लोक गायक राजेंद्र रंगीला को नई दिल्ली में मिली डॉक्टरेट की उपाधि

रायपुर,15 जून 2025(ए)। छत्तीसगढ़ के लोक गायक राजेंद्र रंगीला को आज नई दिल्ली में डॉक्टरेट की मानद उपाधि से सम्मानित किया गया। यह सम्मान उन्हें छत्तीसगढ़ी लोक संगीत और संस्कृति के क्षेत्र में उनके अतुलनीय योगदान के लिए प्रदान किया गया। रायपुर जिले के ग्राम कुटेशर, आरंग के निवासी राजेंद्र रंगीला ने अपनी गायन कला और लोकगाथाओं के माध्यम से छत्तीसगढ़ की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत को देश-विदेश में पहचान दिलाई है। इससे पहले, राजेंद्र रंगीला को छत्तीसगढ़ शासन द्वारा 2024 में गुरु घासीदास राज्य अलंकरण सम्मान से नवाजा जा चुका है। उन्होंने 40 से अधिक लोक कलाकारों के साथ मिलकर देश-विदेश में छत्तीसगढ़ी लोक संगीत पर आधारित कई शानदार प्रस्तुतियां दी हैं, जिन्होंने दर्शकों का दिल जीता है। उनकी कला ने न केवल छत्तीसगढ़ी संस्कृति को वैश्विक मंच पर स्थापित किया, बल्कि नई पीढ़ी को अपनी जड़ों से जोड़ने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। नई दिल्ली में आयोजित समारोह में इस सम्मान को प्राप्त करते हुए राजेंद्र रंगीला ने कहा,यह सम्मान मेरे लिए नहीं, बल्कि छत्तीसगढ़ की माटी और उसकी लोक संस्कृति के लिए है। मैं इसे और अधिक समर्पण के साथ आगे बढ़ाने का प्रयास करूंगा। इस अवसर पर कई गणमान्य व्यक्तियों ने उनकी उपलब्धियों की सराहना की और छत्तीसगढ़ी लोक संगीत के प्रचार-प्रसार में उनके योगदान को ऐतिहासिक बताया।

प्रदेश की संक्षिप्त खबरें

बदमाश की मौत मामले में हाईकोर्ट ने दिया राज्य शासन को दो लाख रुपये मुआवजा देने का आदेश

बिलासपुर,15 जून 2025(ए)। पुलिस की हिरासत में आदतन बदमाश की मौत के मामले में हाईकोर्ट में हुई सुनवाई के बाद उच्च न्यायालय ने राज्य शासन को दो लाख रुपये मुआवजा देने का आदेश जारी किया है।

खेत में ही लड़ने लगे बाप और बेटे,बाप की मौत

कवर्धा ,15 जून 2025(ए)। बंधौरा गांव से एक हैरान कर देने वाला मामला सामने आया है। जहां मामूली विवाद को लेकर बेटे ने पिता की हत्या कर दी। वहीं हत्या के कुछ घंटे बाद तरेगांव जंगल पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा में भेज दिया है। दरअसल, मृतक सिंगरु सिंह बैगा अपने बेटे के साथ दलदली से वापस अपने गांव लौट रहे थे। बताया गया कि, इसी बीच गांव के खेत में दोनों के बीच राशि को लेकर विवाद शुरू हो गया और आवेश में आकर आरोपी बेटे ने अपने ही पिता को डंडे से पीट-पीटकर मौत के घाट उतार दिया। जिसके बाद सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने आरोपी को हिरासत में लिया और पूछताछ में अपना जुर्म कबूल किया।

कोर्ट ने कहा...बच्चों के साथ यौन अपराध के मामले में नरमी बरतना उचित नहीं

गैंगरेप के 3 आरोपियों को 20 साल के कारावास की मिली सजा

बिलासपुर,15 जून 2025(ए)। नाबालिग के साथ गैंगरेप के मामले में हाई कोर्ट ने निचली अदालत के फैसले को बरकरार रखते हुए आरोपियों द्वारा की गई अपील को ख़ारिज कर दिया है। तीनों आरोपियों को 20 साल कारावास की सजा सुनाई गई है। फैसले के दौरान न्यायाधीश ने मामले को लेकर गंभीर टिप्पणी की है।

रेत खदान में गोलीबारी के मामले में खनिज विभाग ने लिया एक्शन

राजनांदगांव के जिला खनिज अधिकारी को किया निलंबित

रायपुर ,15 जून 2025(ए)। छत्तीसगढ़ शासन ने रेत के अवैध उत्खनन को लेकर हुए बवाल और गोलीबारी के मामले में कड़ा एक्शन लिया है। इस मामले में इलाके के टीआई के निलंबन के बाद अब राजनांदगाव के खनिज अधिकारी प्रवीण चन्द्राकर के ऊपर भी कार्यवाही की गई है।

छत्तीसगढ़ पुलिस की भाषा होगी अब आसान

» मुचलका,रोजनामचा जैसे 109 शब्द होंगे सरल हिंदी में...

रायपुर,15 जून 2025(ए)। छत्तीसगढ़ सरकार ने पुलिस विभाग की कार्यप्रणाली में आम लोगों की समझ से बाहर कठिन उर्दू-फारसी शब्दों को हटाने का बड़ा फैसला लिया है। अब मुचलका, रोजनामचा, फरियादी जैसे शब्दों की जगह सरल व आसानी से समझ आने वाले शब्दों का इस्तेमाल होगा। यह निर्णय प्रदेश के उपमुख्यमंत्री व गृह मंत्री विजय शर्मा के निर्देश पर लिया गया है। इसके तहत सभी जिलों के पुलिस अधीक्षकों को आधिकारिक आदेश भी जारी कर दिए गए हैं।

अब आसान शब्दों में होगी पुलिस की कार्यवाही

अब हलफनामा की जगह शपथ पत्र, दफा की जगह धारा, फरियादी की जगह शिकायतकर्ता और चश्मदीद की जगह प्रत्यक्षदर्शी जैसे शब्द उपयोग में लाए जाएंगे। पुलिस विभाग ने ऐसे 109 कठिन शब्दों की सूची तैयार की है, जिनके स्थान पर सरल हिंदी विकल्प अपनाए जाएंगे।

अदम तामील की जगह सूचित न होना
इन्द्राज की जगह टंकन
खयानत की जगह हड़पना
गोश्वारा की जगह नक्शा
दीगर की जगह दूसरा
नकबजनी की जगह सेंध
माल मशरूका लूटी की जगह चोरी गई संपत्ति
मुचलका की जगह व्यक्तिगत बंध पत्र
रोजनामचा की जगह सामान्य दैनिकी
शिनाख्त की जगह पहचान
जरायम की जगह अपराध

पुलिस भाषा अब होगी जनसुलभ और पारदर्शी

अधिकारियों का कहना है कि इस बदलाव का उद्देश्य पुलिस की भाषा को आमजन के लिए अधिक सुगम, पारदर्शी और संवादात्मक बनाना है। उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने कहा, जब कोई नागरिक थाने जाता है तो एफआईआर या अन्य दस्तावेजों की जटिल भाषा उसे उलझा देती है। पुलिस की भाषा ऐसी होनी चाहिए जिसे आम आदमी आसानी से समझ सके और उस पर विश्वास कर सके।

हर थाने में लागू होगा आदेश

पुलिस महानिदेशक ने सभी एसपी को निर्देशित किया है कि ये नए शब्द व्यवहार में अपनाए जाएं और इसे महज औपचारिक आदेश न मानते हुए हर थाने, चौकी और कार्यालय में व्यवहारिक रूप से लागू किया जाए। सभी अधीनस्थ अधिकारियों को भी इस विषय में जागरूक करने के निर्देश दिए गए हैं। इस पहल को छत्तीसगढ़ सरकार की जनहितकारी सोच और प्रशासनिक संवेदनशीलता के रूप में देखा जा रहा है, जिससे आम जनता को पुलिस व्यवस्था से जुड़ने और संवाद करने में अब और भी आसानी होगी।

भिलाई में स्पा सेंटरों में चल रहा था सेक्स रैकेट,8 जगहों पर छापेमारी

भिलाई,15 जून 2025 (ए)। भिलाई में टीआई सूर्या मॉल द्वारा संचालित स्पा सेंटरों पर शनिवार देर रात पुलिस ने छापा मारा। छापेमारी के दौरान पुलिस को कई संदिग्ध वस्तुएं मिलीं। पुलिस ने यहां से 10 लड़कियों और 3 पुरुषों को गिरफ्तार किया है। पूछताछ के लिए उसे स्मृति नगर पुलिस स्टेशन ले जाया गया है।एएसपी पद्मश्री तंवर और उनकी टीम ने यहां छापेमारी की। जब समूह स्पा सेंटर पहुंचा तो लगभग सभी लोग ग्राहक के रूप में वहां मौजूद थे। पुलिस ने अंदर जाकर देखा तो वहां अनैतिक गतिविधियां चल रही थीं। ऐसे में पुलिस ने स्पा में काम करने वाले महिला और पुरुष ग्राहकों को गिरफ्तार कर लिया है। एसपी तंवर ने बताया कि उन्होंने मॉल में चल रहे 8 स्पा सेंटरों पर छापेमारी की। उन्हें यहां से कई संदिग्ध, अनैतिक चीजें, रजिस्टर और अन्य सबूत मिले। इससे साफ है कि यहां स्पा की आड़ में देह व्यापार का धंधा चल रहा था।

एडीओ परीक्षा में भारी अव्यवस्था

गलत लोकेशन और लापरवाही से दर्जनों अभ्यर्थी हुए परीक्षा से वंचित

रायपुर,15 जून 2025(ए)। छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मंडल द्वारा रविवार को आयोजित सहायक विकास विस्तार अधिकारी परीक्षा में एक बार फिर प्रशासनिक लापरवाही उजागर हुई है। रविवार को आयोजित इस परीक्षा के लिए बनाए गए केंद्र की गलत लोकेशन और अपर्याप्त प्रबंधन के कारण दर्जनों अभ्यर्थी समय पर परीक्षा केंद्र नहीं पहुंच पाए और उन्हें परीक्षा से वंचित कर दिया गया।

शहर में इतने कॉलेज खाली थे, फिर आउटर क्यों?

अभ्यर्थी रवि कुमार साहू ने बताया कि परीक्षा केंद्र शहर से दूर आउटर इलाके में बनाया गया, जबकि रविवार होने के कारण शहर के सभी कॉलेजों में छुट्टी थी और वहां केंद्र बनाए जा सकते थे। उन्होंने सवाल उठाया, शहर के अंदर सभी व्यवस्थाएं होने के बावजूद आउटर में केंद्र क्यों बनाया गया?

कई अभ्यर्थियों ने बताया कि कोलंबिया कॉलेज गूगल मैप पर सही लोकेशन में नहीं दिख रहा था। विधानसभा के मुख्य मार्ग पर स्थित इस कॉलेज को ढूंढने में अभ्यर्थियों को एक-एक घंटे तक भटकना पड़ा। गूगल मैप और पूछताछ के सहारे केंद्र तक पहुंचने की कोशिश करने वाले कई विद्यार्थी समय पर नहीं पहुंच सके। परीक्षा के लिए सुबह 10 बजे तक रिपोर्टिंग का समय निर्धारित था। कई अभ्यर्थी 9:55 बजे तक कॉलेज कैंपस पहुंच गए, लेकिन उन्हें लेट होने का हवाला देकर प्रवेश नहीं दिया गया। केंद्र प्रबंधन ने किसी भी अभ्यर्थी की बात सुनने से इनकार कर दिया। भटकने के बाद केंद्र तक पहुंचे विद्यार्थी गिड़गिड़ाते रहे,लेकिन उनकी कोई सुनवाई नहीं हुई। अभ्यर्थियों ने कॉलेज प्रबंधन पर गंभीर लापरवाही का आरोप लगाया. उनका कहना है कि केंद्र की सही जानकारी और लोकेशन उपलब्ध न होने के कारण कई बेरोजगार युवा इस महत्वपूर्ण परीक्षा में शामिल नहीं हो पाए। अभ्यर्थियों ने कहा कि प्रबंधन ने उनकी समस्याओं पर ध्यान देने की बजाय सख्ती बरती, जिससे उनका भविष्य दांव पर लग गया। परीक्षार्थियों ने व्यावसायिक परीक्षा मंडल और कॉलेज प्रबंधन से इस लापरवाही की जांच और दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। साथ ही, प्रभावित अभ्यर्थियों के लिए दोबारा परीक्षा आयोजित करने की भी अपील की गई है।

एनआरआई कोटा मेडिकल प्रवेश मामले में उच्च न्यायालय बिलासपुर ने सरकार से मांगा जवाब

अधिवक्ता जय प्रकाश शुक्ला के माध्यम से दायर याचिका पर हाईकोर्ट ने जारी किया नोटिस

बिलासपुर 15 जून 2025 (घटती-घटना)। राज्य में मेडिकल प्रवेश में लागू किए गए एनआरआई कोटे को लेकर जनहित याचिका पर सुनवाई करते हुए हाईकोर्ट ने राज्य शासन को नोटिस जारी किया है। रायपुर निवासी प्रेम नारायण शुक्ला ने एडवोकेट जयप्रकाश शुक्ला के माध्यम से जनहित याचिका दायर कर बताया कि छत्तीसगढ़ मेडिकल एडमिशन रूल 2018 में एन आर आई कोटे से संबंधित प्रावधान है। इसमें रूल 13 स-1में एनआरआई का अर्थ बताया गया है। इसमें दी गई लंबी चौड़ी व्याख्या को ही याचिका में चुनौती दी गई है। सुप्रीम कोर्ट की संवैधानिक पीठ ने पीए इनामदार विरुद्ध महाराष्ट्र राज्य मामले में कहा था इस कोटे में खुद एनआरआई माता पिता और उनके बच्चे ही शमिल हो सकते हैं। इस बारे में पहले याचिकाकर्ता ने अभ्यावेदन पेश किया था, इस पर विचार नहीं होने पर हाईकोर्ट की शरण ली। चीफ जस्टिस और जस्टिस बीडी की डिवीजन बेंच में सुनवाई बहस में एडवोकेट जय प्रकाश शुक्ला ने राज्य के नियम में सुप्रीम कोर्ट आदेश का उल्लंघन होने का उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि इसी प्रकार पंजाब हरयाणा सरकार प्रावधान लाई थी, उसे हाईकोर्ट नेनिरस्त कर दिया था। मेडिकल कॉलेज में एनआरआई कोटे पर पंजाब और हरियाणा कोर्ट- पंजाब और हरियाणा सरकार द्वारा एनआरआई कोटे के नियम में बदलाव किया गया था जिसके तहत एनआरआई कोटे में केवल भाई-पुत्र व पहली पीढ़ी के रिश्तेदार को ही प्रवेश दिया जा सकता था. जिस पर हाईकोर्ट ने दूसरी पीढ़ी के छात्रों को प्रवेश नहीं देने का आदेश दिया था. इस फैसले के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में विशेष अनुमति याचिका दायर की गई, जिसे खारिज कर दिया गया है. पंजाब और हरियाणा हाईकोर्ट के इस फैसले के आधार पर छत्तीसगढ़ के मेडिकल एजुकेशन विभाग ने एनआरआई कोटे के छात्रों का प्रवेश निरस्त किया था. मामले में सभी पक्षों को सुनने के बाद हाईकोर्ट ने एनआरआई छात्रों के प्रवेश निरस्त करने के आदेश को खारिज कर दिया है।

25 लोगों से भरी पिकअप पलटी

महिला समेत 3 लोगों की मौत,सड़क पर बिखरी लाशें और खूनी ही खून



कोंडागांव,15 जून 2025(ए)। छत्तीसगढ़ के कोंडागांव जिले से बड़ी खबर निकलकर सामने आई है। यहां 25 लोग से भरी तेज रफ्तार पिकअप बेकाबू होकर पलट गई। हादसे में 2 महिला और एक पुरुष की मौत हो गई। वहीं 15 से ज्यादा लोग घायल हो गए हैं, जिन्हें गंभीर हालत में अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जानकारी के मुताबिक,यह दर्दनाक हादसा जिले के बड़ेडोंगर थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम भूमका के समीप हुआ। दरअसल,पोटपारा बोरई के 25 लोग नई नवेली दुल्हन को ससुराल मोहपाल डिगा से मायके लाने गए थे। कार्यक्रम खत्म कर लौटते वक्त रास्ते में वाहन का नियंत्रण बिगड़ गया और तेज रफ्तार चार पहिया वाहन भूमका दीगानार के पास पहुंचते ही पलट गया। इस दौरान मौके पर चीख-पुकार मच गई। पिकअप में ज्यादातर महिलाएं सवार थी। घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भिजवाया। क्षेत्र के जनपद सदस्य ने तत्परता दिखाते हुए अपनी बोलेरो और पिकअप वाहन की मदद से घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र फरसगांव भिजवाया। फिलहाल घायलों का इलाज जारी है। पुलिस ने मामला दर्ज कर हादसे की जांच शुरू कर दी है।

पुलिस के काम में हस्तक्षेप के मामले में कांग्रेस नेता और कार्यकर्ता गिरफ्तार

रायगढ़,15 जून 2025(ए)। जिले में प्रस्तावित मरीन ड्राइव निर्माण को लेकर लोगों का विरोध दूसरे दिन भी जारी रहा। रविवार की सुबह निगम का तोड़ू दस्ता वहां फिर से तोड़फोड़ कार्रवाई करने के लिए पहुंचा तो स्थानीय लोग विरोध करने लगे। जानकारी मिलने पर बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता और पदाधिकारी भी मौके पर पहुंचे और स्थानीय लोगों के साथ विरोध करने लगे। लोगों की नाराजगी और विरोध बढ़ता देख आखिरकार पुलिस को हस्तक्षेप करना पड़ा और पुलिस ने मौके से 50 से अधिक लोगों को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार किए गए लोगों में जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष अनिल शुक्ला, पूर्व विधायक प्रकाश नायक नेता प्रतिपक्ष सलीम नियारिया, पूर्व सभापति जयंत ठेठवार, ग्रामीण जिलाध्यक्ष नागेंद्र नेगी सहित 50 से अधिक लोग शामिल हैं। पुलिस ने सभी को गिरफ्तार कर पुलिस लाइन में रखा हुआ है। इधर कार्रवाई को लेकर कांग्रेस विरोध कर रही है। कांग्रेस का कहना है कि जिला प्रशासन जबरदस्ती बिल्डरों को फायदा पहुंचाने के लिए मरीन ड्राइव का निर्माण कर रही है।

प्रकाशक,मुद्रक,स्वामी अविनाश कुमार सिंह के द्वारा सांई ऑफसेट प्रिंटर्स,नमनाकला,संत हरकेवल विद्यापीठ के पास,अम्बिकापुर से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक-अविनाश कुमार सिंह*(पी.आर.बी.कानून के अनुसार संपूर्ण संपादकीय दायित्व के लिए जिम्मेदार)
RNI Reg.No.CHHHIN/2004/15050मो. 94062-23001,98265-32611,Email:ghatatighatana11@ gmail.com,Website:www.ghatatighatana.com, (सभी विवादों का न्याय क्षेत्र अम्बिकापुर न्यायालय मान्य होगा)